भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 275 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज  बुधवार 29 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

**क्रिया योगः** साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
**क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान**
**प्रयागराज**
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# मिशन 2022 विजय के लिए भाजपा का चुनाव अभियान तैयार, 'सौ दिन के सौ काम' रणनीति बनी



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक संगठन की संरचना तैयार कर ली गई और योगी सरकार का बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार भी हो चुका। अब भारतीय जनता पार्टी तय कर चुकी है कि एक दिन भी आराम किए बिना पूरी ताकत से मिशन 2022 में जुटा जाए। संगठन ने तय किया है कि दो चरणों में प्रचार-प्रसार का अभियान चलाया जाएगा। 'सौ दिन के सौ काम' नाम के चुनाव पूर्व अभियान की रूपरेखा बना ली गई है। अंतिम स्वीकृति के लिए योजना केंद्रीय नेतृत्व को भेजी गई है।भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पूरे उत्तर प्रदेश में माहौल बनाने के लिए कमर कस ली है। संगठन की कमान प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह संभाले हैं तो चुनावी रणनीति के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ सहप्रभारी के रूप में केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर चुनाव प्रबंधन संभाल रहे हैं। बाकी छह सह प्रभारियों को क्षेत्रीय चुनाव प्रभारी बनाया गया है। पिछले दिनों यह सभी दिग्गज कई दौर की बैठकें करने के बाद चुनाव अभियान की रूपरेखा तय कर चुके हैं।एक-एक दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार : पार्टी सूत्रों ने बताया कि चुनाव अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला अभियान चुनाव की अधिसूचना जारी होने तक चलेगा। इसके लिए आगामी एक अक्टूबर से दस जनवरी, 2022 तक की अवधि प्रस्तावित की गई है। इस चरण को 'सौ दिन के सौ काम' नाम दिया गया है। एक-एक दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा बना ली गई है। अंतिम स्वीकृति के लिए रूपरेखा केंद्रीय नेतृत्व को भेजी गई है। इन सौ दिनों में समाज के हर वर्ग से जनसंपर्क पर ही खास जोर रहेगा।

## 7-11 साल के बच्चों पर कोविड टीके के प्रयोग की अनुमति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के नियामक ने सीरम इंस्टिट्यूट को कोविड-19 के खिलाफ टीके के 7-11 साल के बच्चों पर ट्रायल की अनुमति दे दी है. सीरम पहले से 12-17 साल के बच्चों पर एक टीके का प्रयोग कर रहा है.7-11 साल तक के बच्चों के लिए सीरम अमेरिकी कंपनी नोवावैक्स के टीके का परीक्षण कर रही है. सीरम इस टीके को भारत में कोवावैक्स के नाम से बना रही है. भारत में करीब डेढ़ साल से बंद स्कूलों को अब धीरे धीरे खोला जा रहा है और बच्चों को भी टीका लगाने की जरूरत पर जोर दिया जा रहा है. बच्चों के लिए टीके के इस ट्रायल के बारे में सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन के विशेषज्ञों की एक समिति ने कहा, ठविस्तृत चर्चा के बाद समिति ने 7 से 11 साल तक के बच्चों को प्रोटोकॉल के हिसाब से ट्रायल के लिए भर्ती करने की अनुमति देने की अनुशंसा कीठ बच्चों के टीकाकरण का इंतजार सीरम पहले से कोवोवैक्स का 12-17 साल के बच्चों पर परीक्षण कर रही है और शुरुआती 100 सहभागियों के लिए सुरक्षात्मकता का डाटा भी पेश किया है।

## किसानों के लिए योगी सरकार का एक और फैसला, बाढ़ से हुए नुकसान का मिलेगा पूरा पैसा

**लखनऊ (एजेंसी)।** बाढ़ के दौरान मानव जीवन को बचाने के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ने वाली राज्य सरकार ने किसानों को हुए नुकसान की पाई-पाई भुगतान करने का बड़ा निर्णय लिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अधिकारियों से कहा है कि बाढ़ और अतिवृष्टि से कृषि फसलों को हुए नुकसान का आकलन करें और जिन किसानों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उनके नुकसान की क्षतिपूर्ति तत्काल कराएं। योगी सरकार ने राजस्व और कृषि विभाग से परस्पर समन्वय बनाते हुए शीर्ष प्राथमिकता पर इस कार्य को पूरा कराने के लिए कहा है। नदियों के जलस्तर में लगातार आ रही गिरावट से किसानों को काफी राहत मिली है। अब राज्य सरकार प्रत्येक बाढ़ ग्रसित व्यक्ति को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति कराकर उसकी मदद के हर संभव प्रयास में जुट गई है।

## योगी सरकार ने जारी की शादी समारोह के लिए नई गाइडलाइन्स

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी सरकार ने कोविड-19 के कम होते प्रकोप को देखते शादी-समारोह के लिए कुछ प्रतिबंधों को हटा दिया है। खुले स्थानों पर क्षेत्रफल यानी जगह के आधार पर मेहमानों को बुलाने की सुविधा दे दी गई है। 100 लोगों को ही बुलाने की बाध्यता समाप्त हो गई है। मगर, बंद स्थानों यानी हाल में 100 मेहमानों को ही शादी में बुलाया जा सकेगा।

## यूपी में कर्मचारियों की फिर बढ़ने वाली है सैलरी, सीएम योगी ने दिए आदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के लिए अच्छी खबर। उनका मानदेय एक बार फिर बढ़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पोषण अभियान के तहत मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में यह ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक महीने पहले मैंने कहा था कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बकाए का भुगतान किया जाए। विभाग ने जो कार्रवाई की, उसे लोगों ने बढ़ा हुआ मानदेय समझा। ये तो पिछला वाला था। अभी सरकार उनको और भी देने जा रही है। 1.23 लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन और 1.83 लाख इन्फेन्टोमीटर वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि स्मार्ट फोन से ये कार्यकत्रियां स्मार्ट बनेंगी।

## सरकारी कर्मचारियों के लिए योगी सरकार ने बदला नियम

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी सरकार ने प्रमोशन के लिए पांच वर्ष में 36 माह की गोपनीय प्रविष्टि पूर्ण होना अनिवार्य कर दिया है। इसके पूर्ण न होने पर प्रमोशन पर विचार नहीं किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक देवेश चतुर्वेदी सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। इसके मुताबिक राज्य के अधीन सेवाओं में सृजित या उपलब्ध पदों को भरने के लिए मेरिट आधारित चयनों में अपनाए जाने वाली प्रक्रिया की व्यवस्था 27 सितंबर 2019 को निर्धारित की गई है। इसमें दी व्यवस्था के अनुसार 48 माह से अधिक की प्रविष्टियां पूर्ण न होन की दशा में चयन आस्थगित करने की व्यवस्था है। इस प्रकार सामान्य मार्गदर्शक सिद्धांत व्यवस्था के अनुसार प्रमोशनपर विचार करते समय विभागीय चयन समिति द्वारा 120 माह यानी 10 वर्ष में 72 माह से अधिक की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियां के पूर्ण होने पर ही पात्रता सूची में शामिल अधिकारियों का वर्गीकरण किया जाता है अन्यथा की स्थिति में चयन को आस्थगित किया जाता है।

# अध्यक्ष बदला फिर भी बंगाल में बीजेपी की दिक्कतें बरकरार, पुराने और नए नेताओं के बीच जारी है तकरार



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा की दिक्कतें कम नहीं हो रही हैं। पार्टी ने हाल में राज्य में नेतृत्व परिवर्तन भी किया है, लेकिन नए व पुराने नेताओं के बीच सामंजस्य नहीं हो पा रहा है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस लगातार भाजपा में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, जिससे भाजपा का तनाव बढ़ा हुआ है।भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने हाल में पश्चिम बंगाल में दिलीप घोष की जगह युवा सुकांत मजूमदार को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। घोष को दिल्ली लाकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस बदलाव के बाद भी राज्य में पार्टी के नेताओं के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। सूत्रों के अनुसार, दिलीप घोष का राज्य की राजनीति में काफी दखल है जिससे नए नेतृत्व को दिक्कतें हो रही हैं। हालांकि पार्टी को भरोसा है कि कुछ दिन बाद सब कुछ सामान्य हो जाएगा।

दरअसल, भाजपा को इस समय सबसे ज्यादा दिक्कत तृणमूल कांग्रेस की तरफ से आ रही हैं, जो लगातार पार्टी को तोड़ने की कोशिश में हैं। भाजपा के कई नेताओं ने तो तृणमूल का दामन थाम लिया है और कई नेता तृणमूल में जाने की फिराक में है। हाल में ही पार्टी की सांसद लॉकेट चटर्जी को लेकर भी ऐसे ही चर्चाएं रहीं। हालांकि लॉकेट चटर्जी ने साफ कर दिया कि भवानीपुर के उपचुनाव में वह इसलिए प्रचार करने नहीं जा सकी क्योंकि उत्तराखंड की सह चुनाव प्रभारी होने के नाते वहां पर व्यस्त रहीं। मंगलवार को भी लॉकेट चटर्जी ने भाजपा मुख्यालय में उत्तराखंड के नेताओं के साथ मुलाकातें व बैठकें की है। गौरतलब है कि भवानीपुर के उप चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव मैदान में है।सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में भाजपा अभी और बदलाव कर सकती है। पश्चिम बंगाल के संगठन प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय को भी नई जिम्मेदारी दी जा सकती है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ राजनीतिक और अन्य मोर्चों पर भी काफी तैयारी कर रखी है। ऐसे में उनके पश्चिम बंगाल में जाने पर टकराव और ज्यादा बढ़ सकता है।

## भाजपा सांसद साक्षी महाराज को बम से उड़ाने की धमकी, चार के खिलाफ केस, एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उन्नाव (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। साक्षी महाराज को सउदी अरब से बम से उड़ाने की धमकी फोन पर दी गई। साक्षी महाराज की शिकायत पर पुलिस तत्काल हरकत में आई। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अभी तक पुलिस एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके पूछताछ कर रही है। सफीपुर की पुलिस क्षेत्राधिकारी बीनू सिंह ने बताया कि सांसद साक्षी महाराज के प्रतिनिधि हसनैन बकाई ने सफीपुर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमें में आरोप लगाया था कि मंगलवार को एक व्यक्ति ने फोन पर सांसद को बम से उड़ाने की धमकी दी।

## शिवपाल बोले- हमें अखिलेश यादव के जवाब का इंतजार, 11 अक्टूबर के बाद जनता को सुना देंगे अपना फैसला



**इटावा (एजेंसी)।** प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव सपा से गठबंधन के लिए 11 अक्टूबर तक अखिलेश यादव के जवाब का इंतजार करेंगे। तब तक अखिलेश का कोई जवाब नहीं आता तो 12 अक्टूबर को मथुरा से अकेले चुनाव का शंखनाद करेंगे। इटावा जिला सहकारी बैंक मुख्य शाखा भवन में संवाददाताओं से शिवपाल यादव ने कहा कि उन्होंने सपा से गठबंधन के लिए पूरा प्रयास कर लिया है और अभी भी अखिलेश के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा अब निर्णय सपा प्रमुख को करना है, इसके बाद वह समाजवादी चिंतक राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि 12 अक्टूबर को मथुरा में बांके बिहारी के दर्शन के साथ ही सामाजिक परिवर्तन रथ लेकर चुनावी शंखनाद के लिए निकल पड़ेंगे। शिवपाल यादव ने कहा कि वह चाहते हैं कि समझौता हो तो अच्छा रहेगा नहीं तो प्रसपा विधानसभा की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि सपा से गठबंधन नहीं होता तो आगे की रणनीति तय करेंगे और समान विचारधारा वाली पार्टियों से गठबंधन करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आ चुका है ऐसे में समान विचारधारा वाली पार्टियों के बड़े नेताओं से लगातार संपर्क किया जा रहा है। असदुद्दीन ओवैसी को लेकर उन्होंने कहा कि वह बड़े व सेकुलर नेता हैं, लेकिन गठबंधन के बारे में अभी कुछ कहना ठीक नहीं है।

# जिग्नेश मेवानी और कन्हैया हुए कांग्रेस में शामिल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कन्हैया कुमार और जिग्नेश मेवानी के कांग्रेस के दामन थामने के अपने अपने कारण हो सकते हैं, लेकिन कांग्रेस का उनको स्वीकार करना पार्टी के लिए फायदेमंद भी हो सकता है और नुकसानदेह भी.गुजरात में निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवानी दलित नेता हैं और बीजेपी को दलित-विरोधी साबित करने की कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों की कोशिशों का अहम हिस्सा हैं।

हाल ही में चरणजीत सिंह चन्नी के रूप में पंजाब को पहला दलित मुख्यमंत्री देने की कांग्रेस के पक्ष में जो बातें कही गईं, यह उस कड़ी में बड़ी आसानी से जुड़ जाता है. जेएनयू के पूर्व छात्र नेता कन्हैया दलित तो नहीं हैं लेकिन वामपंथी नेता होने के नाते दलितों, अल्पसंख्यकों, श्रमिकों, महिलाओं समेत समाज के तमाम वंचित वर्गों के प्रतिनिधि माने जाते रहे हैं. उन्हें और मेवानी को शामिल करके कांग्रेस को युवा मतदाताओं को भी लुभाने में भी मदद मिल सकती है. कांग्रेस का फायदा इसके अलावा कांग्रेस उम्मीद कर सकती है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद और सुष्मिता देव जैसे नेताओं के छोड़ कर चले जाने से पार्टी की छवि को जो नुकसान हुआ उसकी कुछ भरपाई हो पाएगी. लेकिन संभावित फायदों की फेहरिस्त का यहीं अंत होता है.

इसके आगे ज्यादा संभावनाएं नुकसान की हैं, कम से कम कन्हैया को लेकर तो जरूर ही. कन्हैया एक शक्तिशाली वक्ता हैं लेकिन चुनावी राजनीति में वो अभी तक अपना सिक्का नहीं जमा पाए हैं. 2019 में उन्होंने सीपीआई के टिकट पर बिहार के बेगूसराय से लोक सभा चुनाव लड़ा था और बीजेपी के गिरिराज सिंह से लगभग सवा चार लाख वोटों से हार गए थे. हां, अपने पहले ही चुनाव में करीब 22 प्रतिशत वोट हासिल करना और दूसरे नंबर पर आना भी अपने आप में एक उपलब्धि है. संभव है कि कांग्रेस को उनमें भविष्य में बेगूसराय से जीतने का सामर्थ्य नजर आता हो. हालांकि आरजेडी के साथ कांग्रेस के गठबंधन के तहत यह सीट आरजेडी के कोटे की है।

## सिद्धू के इस्तीफे पर सुनील जाखड़ का तंज, कहा- ये क्रिकेट नहीं, राजनीति की पिच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नवजोत सिंह सिद्धू के नाटकीय तरीके से पंजाब पीसीसी चीफ पद से इस्तीफे के बाद पंजाब कांग्रेस में राजनैतिक भूचाल आ गया है। उनके फैसले से पार्टी हाईकमान तो चौंका ही है, राजनैतिक समझ रखने वाले इसे सिद्धू का बड़ा दांव बता रहे हैं। मामले में कैप्टन अमरिंदर सिंह तो सिद्धू को अस्थिर आदमी की संज्ञा दे ही चुके हैं। अब पंजाब में पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ ने भी सिद्धू के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। सुनील जाखड़ ने ट्वीट करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू पर निशाना साधा है। लिखा है कि ठयह क्रिकेट नहीं है। इस पूरे 'एपिसोड' में जिस बात से समझौता किया गया, वह है कांग्रेस नेतृत्व का पीसीसी अध्यक्ष (निवर्तमान?) पर विश्वास करना।

पंजाब कांग्रेस में सियासी भूचाल

# नवजोत सिद्धू के इस्तीफे के बाद पंजाब कैबिनेट की आपात बैठक, मंत्री रजिया सुल्ताना ने छोड़ा पद

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस में फिर घमासान शुरू हो गया है। पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू के इस्तीफे के बाद अब कैबिनेट मंत्रियों के इस्तीफे के सिलसिला भी शुरू हो गया है। कैबिनेट मंत्री रजिया सुल्ताना ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। पंजाब कांग्रेस महासचिव योगेंद्र ढींगरा ने भी पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफों के बीच में पंजाब कैबिनेट की आपात बैठक जारी है। वहीं, परगट सिंह के भी इस्तीफा देने की चर्चा थी, लेकिन उनका कहना है कि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है। परगट सिंह कैबिनेट बैठक के बीच में ही उठ गए और नवजोत सिंह सिद्धू को मनाने के लिए पटियाला जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि उन्होंने अभी इस्तीफा नहीं दिया है।



रजिया सुल्ताना कैप्टन मंत्रिमंडल में भी थी। रजिया सुल्ताना के पति मोहम्मद मुस्तफा सिद्धू के रणनीतिक सलाहकार हैं। दोनों अभी नवजोत सिंह सिद्धू के पटियाला आवास पर पहुंचे हैं। रजिया सुल्ताना ने कहा कि उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू के साथ एकजुटता में इस्तीफा दिया है। सिद्धू ने आज की अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। रजिया ने कहा कि सिद्धू साहब सिद्धांतों के आदमी हैं। वह पंजाब और पंजाबियत के लिए लड़ रहे हैं। रजिया के पति व नवजोत सिंह सिद्धू के रणनीतिक सलाहकार मोहम्मद मुस्तफा कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ आक्रामक रहे हैं। सिद्धू व कैप्टन की राजनीतिक लड़ाई में मोहम्मद मुस्तफा की भी अहम भूमिका रही है। पूर्व आइपीएस मोहम्मद मुस्तफा पंजाब पुलिस में वरिष्ठ पद से रिटायर हुए हैं। वह डीजीपी की दौड़ में थे, लेकिन इस पद को नहीं पा सके। इसके लिए वह कैप्टन को जिम्मेदार मानते हैं। सिद्धू जब कैप्टन की खिलाफत करने लगे तो मुस्तफा की उनसे नजदीकियां बढ़ गई। सिद्धू ने पंजाब कांग्रेस की कमान संभाली तो उन्होंने मुस्तफा को रणनीतिक सलाहकार बना दिया। राणा गुरजीत जिनको मंत्री बनाने के चलते नवजोत सिद्धू के इस्तीफा देने की चर्चा है ने कहा कि मैंने तो अभी एक दिन पहले ही ओहदा संभाला है, इसलिए मैं किसी के बारे में टिप्पणी नहीं करूंगा।

## खबर संक्षेप

### पाबंदी के अभियुक्तों को चौबीस घंटे से ज्यादा पुलिस रखती है कैद

**कोरांव।** सरकार के निर्देश पर पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा स्वच्छ छवि के साथ काम करने का मातहतों को चाहे जितने भी आदेश निर्देश निर्गत किए जांय किन्तु इलाकाई लोगों के मुताबिक कोरांव पुलिस अपनी मनमानी से बाज आने वाली नहीं दिख रही है। थाना परिसर कोरांव के आजू बाजू के अलावा अब तो कस्बा कोरांव के प्रभारी दरोगा के आवास पर दलालों का जमघट भी देखने को मिलता है जहां पर सुबह से देर रात तक किसी भी मामले में सौदेबाजी का खेल खेला जाता है। इतना ही नहीं लोगों की मानें तो न्यायालय के आदेश के बावजूद भी कोरांव पुलिस सौदेबाजी के चक्कर में चौबीस घंटे से ज्यादा भी शांति भंग के अभियुक्तों को थाने में कैद रखती है। इलाकाई तमाम गांवों से आने वाले मामलों में भी अक्सर देखा जाता है कि मामला चाहे जितना भी गम्भीर हो किन्तु इलाकाई पुलिस दो से तीन दिन तक थाने में कैद रखने के बाद शांति भंग की कार्रवाई कर अपना इति समझ लेती है जो वापस घर पहुंचने के बाद पुनः खूनी संघर्ष पर आमादा हो जाते हैं। लोगों की शिकायतों पर गौर करें तो थाने पर आने वाला मामला चाहे वह महिलाओं की आबरू से जुड़ा हो या फिर चोरी छिनैती अथवा गम्भीर मारपीट का हो इलाकाई पुलिस सभी मामलों में सौदेबाजी का खेल खेलने के बाद शांति भंग की ही कार्रवाई करती है। इलाकाई प्रबुद्ध जनों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जनहित में जांच व कार्रवाई की मांग की है।

### रोजगार सेवक एवं तकनीकी सहायकों की बैठक आज

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायतों में कार्यरत समस्त रोजगार सेवक व तकनीकी सहायकों की एक आवश्यक बैठक ब्लाक मुख्यालय करछना के मीटिंग हाल में बुधवार 29 सितम्बर दोपहर 12 बजे आहूत की गयी है, जिसमें संगठन के पदाधिकारी समेत सभी रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक मौजूद होंगे ।उक्त आशय की जानकारी रोजगार सेवक संघ करछना के अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव ने सभी रोजगार सेवक व तकनीकी सहायकों बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है ।

# पीपीजीसीएल बारा प्लांट में मजदूरों ने विरोध में किया धरना प्रदर्शन

**ठेका प्रथा से हटाकर संविदा व्यवस्था लागू करने, महंगाई के अनुसार भुगतान करने व अन्य भत्तों की मांग, सुरक्षा के मद्देनजर कई थानों की फोर्स तैनात**

अखंड भारत संदेश



पीपीजीसीएल बारा प्लांट में धरना प्रदर्शन करते मजदूर।

**शंकरगढ।** पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के संविदा मजदूरों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। बारा पावर प्लांट के मुख्य गेट पर जुटे सैकड़ों मजदूरों ने कहा कि उन्हे ठेका प्रथा के तहत काम नहीं करना है। उनको संविदा मजदूरों की श्रेणी में रखा जाए। मजदूरों ने चेताया कि जब तक उनकी मांगों पर अमल नहीं किया जाता, वह धरना जारी रखेंगे। प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड बारा के मुख्य गेट पर बैठे मजदूरों का कहना है कि पावर प्लांट में ठेका प्रथा को बंद किया जाए। संविदा मजदूरों को मौजूदा महंगाई के अनुसार भुगतान किया जाए। इसके अलावा वरिष्ठता के आधार पर मिलने वाली अन्य सुविधाएं व भत्ते दिए जाएं। मुख्य गेट पर जुटे कर्मियों, मजदूरों ने कहा कि उनसे काम तकनीकी क्षेत्र या फिर कुशल कारीगर का लिया जा रहा है। वह वर्षों से लगातार काम करते आ रहे हैं, पर उन्हे अब ठेका प्रथा पर डाल दिया गया है। यह स्वीकार नहीं किया जाएगा। गेट पर सैकड़ों मजदूरों के जुटने की सूचना पर शंकरगढ़ थाने के साथ ही कई अन्य थानों की फोर्स मौकेपर पहुंच गई और प्रदर्शनरत मजदूरों से बात करने की कोशिश की, लेकिन धरनारत मजदूर मांगों पर अड़े रहे। दूसरी तरफ दिनभर चले धरना प्रदर्शन के बावजूद पावर प्लांट का कोई भी जिम्मेदार मजदूरों से मिलने के लिए नहीं आया और न ही इस मसले पर कोई बयान जारी हुआ। गौरतलब है कि मौजूदा समय में इस प्लांट का टाटा ने टेकओवर कर लिया है। जबकि इसके पहले इसी प्लांट का संचालन जेपी ग्रुप के पास था।

### बेटी की ससुराल गए पिता की नहर में मिली लाश

**करछना।** थाना क्षेत्र के घोडेडीह निवासी एक अधेड़ सोमवार को अपनी बेटी की ससुराल डीहा गांव गया था, जिसकी मंगलवार को लाश नहर के पानी में उतराती मिली, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक करछना थाना क्षेत्र के घोडेडीह निवासी रंगीलाल सोनकर 60 वर्ष पुत्र राम निहोर सोमवार को अपनी बेटी की ससुराल डीहा गांव गया था कि शाम को वापस अपने घर घोडेडीह को लौट रहा था कि रास्ते में हर?ई गांव के पास बाबा मार्केट के पास से गुजरी नहर में साइकिल लेकर पानी बहती नहर में गिर गया था, जिसकी मंगलवार को लाश नहर में उतराती देख स्थानीय लोगों करछना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया ।जानकारी होने पर मौके पर परिजन भी पहुंच गए जिसमें उसकी पत्नी गुलाब कली और बेटों में मातम छा गया । ग्रामीणो के मुताबिक मृतक शराब का आदी था वाक्या अधिक शराब पीने की वजह से घटना घटित हुई हैं । फिल हाल पुलिस मामले में पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कारवाई करने की बात होगी की बात कही है ।

## न्यूज झरोखा

### बसपा में ही ब्राह्मणों का हित व सम्मान सुरक्षित : शिव शंकर पाण्डेय



**कोरांव।** बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर कोरांव के करपिया गांव निवासी एक प्रखर वक्ता व वरिष्ठ समाजसेवी शिव शंकर पाण्डेय को बसपा ब्राह्मण भाई चारा का विधान सभा अध्यक्ष बनाया गया जिसे लेकर इलाकाई तमाम गांवों से समुदाय के लोगों द्वारा पाण्डेय को बधाईयां मिल रही है। मामले को लेकर बसपा ब्राह्मण भाई चारा के अध्यक्ष शिव शंकर पाण्डेय से वार्ता किए जाने पर उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी में ही ब्राह्मणों का हित व सम्मान सुरक्षित है। कहा कि बहन मायावती के निर्देश व पार्टी महासचिव सतीश चन्द्र मिश्र के मार्गदर्शन तथा पूर्व विधायक व वर्तमान प्रत्याशी राजबली जैसल के नेतृत्व में मैं आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जो भी दायित्व सौंपा गया है उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करता रहूंगा। पद एवं दायित्व मिलने के बाद से देखा जा रहा है कि बसपा ब्राह्मण भाई चारा के अध्यक्ष शिव शंकर पाण्डेय इलाके के तमाम गांवों में लोगों के बीच पहुंच भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए बसपा के सुशासन नीतियों की बौछार लगा रहे हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से राजमणि मिश्र रमा शंकर पाण्डेय श्याम नारायण द्विवेदी गया प्रसाद पाण्डेय कोमल प्रसाद पाण्डेय अमरनाथ पाण्डेय सहित तमाम गांवों से कई अन्य लोग रहे।

### सपा के राकेश यादव बने जिला सचिव



**करछना।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश व सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर राम करन निर्मल के अनुमोदन पर राकेश यादव उर्फ सनी को समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रयागराज के जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया है । राकेश यादव उर्फ सनी को जिला सचिव बनाए जाने पर पार्टी कार्यकताओं में हिमान्शु सिंह , सपा व्यापार सभा के सचिव राज करन यादव, डाक्टर अमर बहादुर सिंह यादव सहित दर्जनो सपा कार्यकताओं ने बधाई दी है।

### जितेंद्र राजपूत को मिली कोहड़ार पुलिस चौकी की कमान



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने दरोगा जितेन्द्र कुमार राजपूत को मेजा थाने के कोहड़ार पुलिस चौकी की कमान सौंपी है। बता दें कि दो सप्ताह से कोहड़ार चौकी प्रभारी की देखरेख मेजा थाने के दरोगा अतुल मिश्रा करते थे। पुलिस कप्तान ने मेजा थाने से स्थानांतरित कर जितेंद्र कुमार राजपूत को कोहड़ार पुलिस चौकी की कमान सौंपी।

### सहसों में चिन्हांकन शिविर का आयोजन गुरुवार को

**सहसों।** नवसृजित ब्लॉक सहसों में दिव्यांग जनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने एवं विभागीय योजना से लाभान्वित करने हेतु जिला अधिकारी प्रयागराज के आदेशानुसार गुरुवार को सुबह 11 बजे से पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज भोपतपुर के प्रांगण में चिन्हांकन शिविर कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। जिसमें वृहद चिन्हांकन शिविर अभियान में ग्राम पंचायत सचिव स्तर से लेकर ग्राम स्तरीय कर्मचारियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं, ग्राम रोजगार सेवक एवं सफाई कर्मियों तथा ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों के माध्यम से दिव्यांगजन को आय प्रमाण पत्र, यू डी आई डी कार्ड की छाया प्रति एवं दिव्यांगता प्रदर्शित करते हुए 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी शिविर में पहुंचकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी सहसों दिव्या सिंह ने दिया।

### प्रसन्नता पूर्वक पितरों का तर्पण से सुख समृद्धि आती है : दिनेश शास्त्री

**सहसों ।** पितृपक्ष में प्रसन्नता पूर्वक घर गांव के बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर गया तीर्थ में तर्पण करने से परिवार में सुख शांति और समृद्धि आती है। तथा सदैव पितरों का आशीर्वाद बना रहता है तथा पितरों का तर्पण भी हो जाता है। जिससे उनके आत्मा की शांति मिल जाती है। उक्त बातें सहसों में आचार्य पंडित दिनेश शास्त्री ने गया तीर्थ जा रहे सनातनी लोगों को पूजन के पश्चात कही। इस अवसर पर गया तीर्थ जा रहे श्रद्धालुओं ने सहसों बाजार में घर-घर जाकर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा छोटों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ प्रसन्नता पूर्वक सहसों ग्राम के सरहद का परिक्रमा करते हुए सभी तीर्थयात्री गंतव्य को रवाना हुए। इस दौरान परिजन सहित अन्य गांव की महिलाएं मंगल गीत गाते हुए रास्ते भर देवी देवताओं की जय जयकार करते हुए साथ साथ चल रही थीं।

# शंकरगढ़ में लगी कार्यशाला, बताया गया कचरा निस्तारण का तरीका

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** दो अक्टूबर तक चलने वाले आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ के विभिन्न वार्डों में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को कचरा निस्तारण की विधियों से अवगत कराया गया। सूखे और गीले कचरे के निस्तारण की विधि से अवगत कराते हुए जैविक खाद के रूप में इसके इस्तेमाल पर जोर दिया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर पंचायत शंकरगढ़ द्वारा ह्यकचरा अलग करोह्न विषयक कार्यशाला का आयोजन विभिन्न वार्डों में किया गया। एसबीएम की जिला कोआर्डिनेटर नेहा कपूर ने विभिन्न वार्डों में जाकर लोगों को विस्तार से स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी। बताया कि घर का कचरा किस प्रकार से उपयोगी हो सकता है और किस प्रकार से नुकसानदायक।



शंकर गढ़ के विभिन्न वार्डों में कचरा निस्तारण कार्यशाला का हुआ आयोजन

उन्होंने सूखे और गीले कचरे के निस्तारण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह नगर पंचायत आपका है। इसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की है, उतनी ही जिम्मेदारी आपकी भी है। इसलिए घरों का कचरा विभिन्न स्थानों पर रखी गई डस्टविन में ही डालें, यदि किसी वार्ड में कचरे का डिब्बा न रखा हो तो इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन से मांग करें। उन्होंने कहा कि यदि घर और आसपास का एरिया साफ-सुथरा रहेगा तो बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। वर्कशाप में ईओ सत्येन्द्र प्रकाश, लिपिक प्रदीप कुमार, प्रियंका गौतम,अमित यादव, मनीष केसरवानी, अखिलेश, दीपू, सूरज, संजय, नृपेंद्र, कमलेश,अंशुमान सिंह, सफाई इंचार्ज कौशल कुमार,मुन्नी देवी,लखन,लाल जी सहित तमाम वार्ड के लोग मौजूद रहे।



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में शामिल पदाधिकारी

# यमुनापार पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्यकारणी सदस्य की बैठक सम्पन्न बनाई रणनीति

**घूरपुर।** यमुनापार पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यकारणी सदस्य की बैठक मंगलवार के दिन भाजपा जिला कार्यालय पर मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मिशन 2022 की तैयारियों के साथ ही बैठक में आगामी तीन अक्टूबर को कार्यकर्ता सम्मेलन की व्यवस्था के बारे में विचार विमर्श कर अंतिम निर्णय लेकर समस्त पदाधिकारियों को आगामी सम्मेलन की अलग अलग जिममेदारियां सौंपी गई। अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने बताया कि आगामी 3 अक्टूबर के कार्यक्रम में काशी प्रांत सहित प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व का आगमन होगा। कार्यक्रम एक दिवसीय होगा और चार से पांच चरणों में होगा। और उसी दौरान प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन होगा। बैठक में उपाध्यक्ष धर्मराज पाल, सूर्य प्रताप सिंह, धीरेंद्र पाल, धीरेंद्र यादव, अखिलेश पटेल, धर्मदास मौर्य, सुरेंद्र सिंह, महामंत्री में आशीष पाल, डॉ सूर्या यादव, इं मयंक यादव अनुपम सिंह, संजय पाल, शिवम सिंह, शिव प्रसाद पटेल, राम देव प्रजापति, सुरेंद्र बहादुर सिंह, रत्नाकर सिंह सहित आदि सदस्य व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के कछारी इलाका में कई जगह होती है गौकशी

अखंड भारत संदेश

**थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज गौ हत्यारों से लेते हैं माहवारी रकम**

प्रयागराज। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के कछारी इलाका में गौहत्या कर उसके मांस को गौ तस्कर के द्वारा घर - घर जाकर बेच दिया जाता है। जिसका जीता जागता सबूत 21 सितंबर के दिन टिकरी गांव निवासी मसूद अहमद पुत्र मकबूल अहमद एवं अस्लूफ पुत्र मारूफ को पूरामुफ्ती पुलिस मुखबिर की सटीक सूचना पर टिकरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की जामा तलाशी लेने पर अभियुक्तों के पास से ढाई किलो गौ मांस बरामद हुआ। गौ मांस बरामद होने पर गौ मांस तस्कर को पूरामुफ्ती थाना लाकर लॉकअप में बंद कर दिया। उसके पश्चात अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने के बजाए पूरामुफ्ती पुलिस चार दिन तक थाना में बैठाकर अभियुक्तों के परिजनों से पूरामुफ्ती पुलिस तथाकथित दलाल के माध्यम से छोड़ने के लिए सौदेबाजी कर रही थी। पूरामुफ्ती पुलिस के इस नापाक कारनामे की शिकायत ट्विटर के माध्यम से उच्चाधिकारियों से की गई। ट्विटर के माध्यम से की गई शिकायत को संज्ञान लेकर उच्चाधिकारी इस मामले की जांच क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय को सौंप दी। क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय की जांच में शिकायत सही पाई गई। क्षेत्राधिकारी की फटकार के पश्चात पूरामुफ्ती पुलिस को मजबूरन गौ मांस तस्कर को जेल भेजना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक गौ हत्यारे और गौ मांस तस्कर अलग अलग होते हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि गौ मांस तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद गौहत्यारे को पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा आखिर क्यों नहीं जेल भेजा गया। दो गौ मांस तस्कर को जेल भेजने के बाद क्या क्षेत्र में गौ हत्या रुक जाएगी जब तक गौ हत्यारे जेल नहीं जाएंगे यह सवाल लोगों के जेहन में कौंध रहा है।

### मीडिया विभाग जिला संयोजक दिलीप चतुर्वेदी व सह संयोजक राम कुमार शर्मा की घोषणा से हर्ष

**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार मीडिया विभाग को और शशक्त व मजबूती देने के लिए मीडिया विभाग के जिले का संयोजक दिलीप कुमार चतुर्वेदी व जिला सह-संयोजक राम कुमार शर्मा व जिला सह-संयोजक प्रदीप कुमार मिश्रा को बनाया गया है ।साथ ही मीडिया सम्पर्क विभाग की भी नियुक्ति की गई है। जिसमें जिला संयोजक पीसी पांडेय व जिला सह-संयोजक के.के.मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिससे भाजपा यमुनापार मीडिया क्षेत्र में मजबूती के साथ 2022 में महती भूमिका निभाएंगी ।भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता हीरो बाजपेई जल्द प्रयागराज यमुनापार मीडिया विभाग के पदाधिकारियों संग बैठक करके कार्यशाला का आयोजन करेगें। साथ ही मीडिया विभाग के पदाधिकारियों कार्यकताओं का स्वागत अभिनन्दन होगा ।नवनियुक्त सभी संयोजक सह-संयोजको ने जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,जिला प्रभारी ओंकार केशरी, काशी क्षेत्र क्षेत्रिय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी का आभार जताया है। क्षेत्रिय कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने नव नियुक्त मीडिया टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

# वनवासियों के लिए देवदूत बनकर उतरे हैं अरविंद विश्वकर्मा

अखंड भारत संदेश

**उतरांव।** भूखे को भोजन खिलाना प्यासे को पानी पिलाना यही इंसानियत का सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंदों की सेवा करना पुण्य की भागीदारी के समान है। हर व्यक्तियों को असहाय जरूरतमंद गरीब की सेवा करनी चाहिए। जरूरतमंदों द्वारा दिया गया आशीर्वाद रामबाण के समान होता है ।सैंदहा महरुपुर उतरांव निवासी एक किसान के बेटे अरविंद विश्वकर्मा जो हमेशा गरीबो असहायो की मदद में जुटे रहते हैं। जिनकी एक अलग पहचान बन चुकी है। अरविंद विश्वकर्मा राष्ट्रीय सनातन सेना ने वरिष्ठ महासचिव के पद पर हैं जो गरीबों असहाय जरूरतमंदों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं। सोमवार को उनको द्वारा मुसहर बस्ती में पहुंचकर उनके लिए 1 सप्ताह का राशन की व्यवस्था दी। वरिष्ठ समाजसेवी व प्रतापपुर के प्रबल दावेदार अरविंद विश्वकर्मा ने मुसहर बस्ती में पहुंचकर सभी बस्ती वासियों को दाल चावल मसाला तेल नमक हल्दी समेत अन्य सभी खाद्य सामग्री वितरण करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से भी सहयोग किया। उनका कहना है कि हम गरीबी झेल चुके हैं गरीबी की दंश जो झेला है वही समझ सकता है ।वहीं खाद्य सामग्री पाकर मुसहर बस्ती के लोगों ने समाजसेवी की जमकर तारीफ करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। बस्ती वासियों ने कहा कि हम लोगों का ध्यान आज तक कोई नहीं दिया लेकिन आज यह नेता ने जो मदद की है उसका आभारी रहेंगे। राष्ट्रीय वरिष्ठ महासचिव ने मुसहर बस्ती में बसने वाले सभी लोगों का हमेशा के लिए बीड़ा उठाया है। उनका कहना है कि आज ही नहीं हमारे द्वारा यहां लगातार राशन का वितरण किया जाएगा।



जरूरत मंदों को खाद्य सामग्री वितरित करते अरविंद

# करछ्ना में चार गांवो में पद्रह सौ लोगों नें कराया वैक्सीनेशन

**एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा नें कोविड कैम्पों का किया निरीक्षण**

**करछना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना की वैक्सीनेशन टीम नें करछना विकास खंड के चार गांवो में महोरी रीवा, तरौल, बरदहाएवं सोनाई गांवो के प्राथमिक विद्यालयों में वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया ।इस बीच वैश्विक महामारी के बचाव के लिए बडी संख्या में महिलाओं सहित लोगों का उत्साह दिखा, वैक्सीनेशन कैम्प में गांव के प्रधान राज कुमार पटेल, रमेश मिश्रा, व कयी सामाजिक कार्यकताओं ने कोविड वैक्सीन लगवाने वाले लोगों को अपील करते हुए सहयोग करते दिखें । वैक्सीनेशन कैम्पों पर किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए करछना ब्लाक के एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा नें निरीक्षण कर जायजा लिया चारों गांवो में कुल 15 सौ लोगों का वैक्सीनेसन किया गया ।

### जसरा सीएचसी में 4705 लोगों ने कराया वैक्सिनेशन

**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में सोमवार को 15 गांवों में वैक्सीनेशन मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 18 प्लस युवाओं के साथ ही सीनियर सिटीजन का 4705 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने बताया कि हर गांवों के लोग वैक्सीन के प्रति सजग रहे और बढ़ चढ़कर कैम्पों में भागीदारी निभाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में सोमवार को सरकार द्वारा वृहद मेगा कैम्प का आयोजन 15 गांवों में किया गया। जिसमें घूरी में 360,चिल्ला गौहानी में 300,बड़ी असरवई में 400,चैनपुरवा में 350,कांटी में 250,परवेजाबाद में 272, ओझापट्टी में 160,कंजासा में 260,अमरेहा में 302,जगदीशपुर में 280,रेरा में 280,टिकरी कला में 211, जसरा गांव में 180, टिकरी तालुका कंजासा में 250,रामपुर में 220, लोगों का टीकाकरण किया गया। जब कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में 590 लोगों ने वैक्सीनेशन कराया। इस तरह अभियान में कुल 4705 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी सीमा सिंह, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक पंकज मिश्र,नेत्र परीक्षण अधिकारी डा०हीरानंदन पंकज पांडेय, वैक्सीनेटर नीशा गौतम,प्रमिला सिंह, सुमन सिंह,रीता सिंह,इन्द्रावती,दिब्यारानी शर्मा आदि एएनएम उपस्थित रहीं।

# भाजपा यमुनापार जिला के 28 विभागों के संयोजक घोषित

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 7 मोर्चों के मनोनयन के घोषणा के बाद जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने 28 विभागों के जिला संयोजक व दो-दो सह-संयोजको की घोषणा की है। जिसमे जिला कार्यालय निर्माण संयोजक संतोष पांडेय, सहसंयोजक सर्वेश कपुरिहा, रवि सिंह पटेल, कार्यालय आधुनिकीकरण, रखरखाव संयोजक सलिल तिवारी, सहसंयोजक राजमणि पटेल, सात्विक श्रीवास्तव, ग्रंथालय/ ईग्रंथालय,अध्ययन कक्ष संयोजक योगराज मिश्रा, सह संयोजक मनोज शुक्ला, सुनील जायसवाल, स्वच्छ भारत अभियान संयोजक सत्येंद्र मिश्रा, सहसंयोजक राम तिवारी, मुकेश तिवारी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संयोजक शांति पांडेय, सहसंयोजक शालिनी श्रीवास्तव, बबीता पटेल, नमामि गंगे संयोजक अमरेश तिवारी, सह संयोजक अमित पांडेय, सौरभ कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय सदस्यता अभियान संयोजक प्रिंस मिश्रा, सह संयोजक विनोद पांडेय, रमेश चंद्र तिवारी राष्ट्रीय संपर्क अभियान संयोजक डॉ. भगवत पांडे, सहसंयोजक शिवाकांत तिवारी, राज बहादुर श्रीवास्तव, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अभियान संयोजक गणेश मिश्रा, सहसंयोजक आनंद तिवारी, हरी कृष्ण पांडेय, सुशासन तथा केंद्र राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय संयोजक राकेश पांडेय, सहसंयोजक रत्नाकर पांडेय, रत्नाकर पटेल नीति विषयक शोध विभाग संयोजक राजेंद्र सिंह बघेल, सहसंयोजक राजकुमार मिश्रा, शिवाकांत द्विवेदी, मीडिया विभाग संयोजक दिलीप कुमार चतुर्वेदी, सहसंयोजक राम कुमार शर्मा, सहसंयोजक प्रदीप कुमार मिश्रा, मीडिया संपर्क विभाग संयोजक पीसी पांडेय, सह संयोजक के.के. मिश्रा, नीरज दुबे, राजनैतिक प्रतिपूर्ति एवं प्रतिक्रिया विभाग संयोजक नंद कुमार त्रिपाठी, सहसंयोजक अश्विनी जैन, आलोक भारतीया, राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग संयोजक त्रंबकेश्वर चौबे, सहसंयोजक अनूप शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, डॉक्यूमेंटेशन विभाग संयोजक राजू कुमार द्विवेदी, सहसंयोजक चंद्र बिहारी कोल, प्रभात सिंह यादव, सहयोग आपदीय राहत एवं शिवाय विभाग संयोजक लवकुश केसरवानी सहसंयोजक अलख नारायण शुक्ल, आशीष कुमार यादव, अध्यक्षीय कार्यालय प्रवास एवं कार्यक्रम विभाग संयोजक राजविजय सिंह, सह संयोजक कमल कुमार द्विवेदी, कीर्ति राय, साहित्य एवं प्रचार सामग्री विभाग संयोजक डीके द्विवेदी, सहसंयोजक राज कुमार निराला, कमला पटेल, ट्रस्ट समन्वय विभाग संयोजक अजय विक्रम देव मिश्रा, सहसंयोजक जयप्रकाश यादव सुनील बिंद, चुनाव प्रबंधन विभाग संयोजक पवन कुमार मिश्रा सहसंयोजक मसूरिया दीन वर्मा, शंकर लाल पांडेय, चुनाव आयोग संपर्क विभाग संयोजक वेद मणि तिवारी, सह संयोजक उमेश शुक्ला, अमरनाथ पासी,कानूनी और विधिक विषयक विभाग संयोजक भोलानाथ पांडेय, सहसंयोजक वृजेश कुमार द्विवेदी,विनय कुमार शुक्ला, पार्टी पत्रिकाएं तथा प्रकाशन विभाग संयोजक देवी प्रसाद तिवारी, सहसंयोजक लाल बहादुर कुशवाहा, जय प्रकाश पांडेय, सोशल मीडिया गतिविधि विभाग संयोजक अजय प्रकाश विश्वकर्मा, सह संयोजक शैलेंद्र सिंह, अमित सिंह, विदेश संपर्क विभाग संयोजक डां.कृष्ण कुमार त्रिपाठी, सहसंयोजक उमाशंकर शर्मा, प्रीति सिंह, आजीवन सहयोग निधि विभाग संयोजक कन्हैया लाल प्रजापति, सहसंयोजक सर्वेश पांडेय, दत्तात्रेय पांडेय, आईटी विभाग संयोजक सतीश विश्वकर्मा, सहसंयोजक राज सरोज, राकेश विश्वकर्मा का मनोनयन किया है।

### गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर होगा कवि सम्मेलन

**शंकरगढ़।** गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर 16वां अंतरप्रांतीय कवि सम्मेलन शंकरगढ़ क्षेत्र के बसहारा उपहार स्थित बाबा श्रीपति सरजू प्रसाद जूनियर हाईस्कूल में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक हास्य व्यंग कवि ठाकुर इलाहाबादी ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में मऊगंज रींवा के पूर्व विधायक डॉक्टर आईएमपी वर्मा व ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह छतहरा होंगे। इस कवि सम्मेलन में नामचीन कवि, अपनी रचनाओं से लोगों को गुदगुदाएंगे। ठाकुर इलाहाबादी ने बताया कि यह कवि सम्मेलन स्वर्गीय नीलम देवी की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एक अक्टूबर को दोपहर तीन बजे से रात नौ बजे तक आयोजित होगा।

# सफाई कर्मचारी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने कमलेश पासी

अखंड भारत संदेश



f

**निर्विरोध चुने गए संजय कुमार महामंत्री व ईश्वर चंद्र यादव कोषाध्यक्ष, विजई प्रत्याशियों को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर साथियों ने किया सम्मानित**

**प्रयागराज।** भगवतपुर ब्लाक में सफाई कर्मचारियों के संगठन के चुनाव में पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए हैं निर्विरोध चुनाव के बाद विजई प्रत्याशियों को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया है 27 सितंबर को निर्विरोध निर्वाचित होकर आए सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष को भगवतपुर ब्लाक में सम्मानित किया गया। सफाईकर्मी संघ अध्यक्ष का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ कमलेश पासी सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए इसी चुनाव में संजय कुमार महामंत्री पद पर व ईश्वर चंद्र यादव कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं निर्विरोध निर्वाचित हुए सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष कमलेश पासी, महामंत्री संजय कुमार कोषाध्यक्ष ईश्वर चंद्र यादव को भगवतपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के सहयोगी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र कुमार पासी ने मिष्ठान खिलाकर माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी है और भविष्य में कार्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने की सलाह दी सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष ने अपने कार्य के प्रति सदैव कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के समक्ष मुखर रहने की बात कही। इस मौके पर वीरेंद्र पासी, अशोक कुमार पाल पूर्व प्रधान मीरापुर, मोनू पासी, दिलवर पासी, अमित कुमार सहित आदि लोग भगवतपुर ब्लाक में मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप

### सोलर वितरण का आयोजन आगामी 02 अक्टूबर से

**जसरा।** कल्याणी फाउंडेशन एवम ट्रस्ट के नेतृत्व मे 02अक्टूबर से लेकर 09अक्टूबर के मध्य सोलर वितरण का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें शैक्षिक संस्थानों 02अक्टूबर एवम 04अक्टूबर से 09अक्टूबर के मध्य व्यक्तिगत सोलर वितरण किये जाएंगे। गायत्री कुशवाहा, सर्वजीत सिंह, संध्या कुमारी इत्यादि 05लोगों को 04अक्टूबर को सोलर उपक्रम वितरित किये जाएंगे. उक्त जानकारी संस्थान की पदाधिकारी डा अनु वर्मा ने प्रदान किया इस अवसर उन्होंने यह भी जानकारी प्रदान कि उक्त सोलर उच्च गुणवत्ता के मानक पर काफी उच्च क्वालिटी के हैं जिससे पेयजल एवम विद्युत की समस्या काफी हद तक खत्म की जा सकती हैं।

### प्रधानो का प्रशिक्षण 1 और 4 अक्टूबर को : एडीओ

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायतो से नव निर्वाचित हुए ग्राम प्रधानो का प्रशिक्षण एक अक्टूबर एवं चार अक्टूबर को ब्लाक मुख्यालय के मीटिंग हाल में दिया जायेगा । एक अक्टूबर को न्याय पंचायत धरवारा, बरदहा, घटवा, घोडेडीह एवं डीहा से निर्वाचित प्रधान उपस्थित रहेगे । वहीं चार अक्टूबर को दूसरे बैच में न्याय पंचायत करछना, रोकडी, पनासा, वीरपुर, बसही, एवं खाईं पंचायत के प्रधान प्रशिक्षण में भाग लेंगे ।विकास खंड करछना के एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि विकास खंड करछना में अस्सी ग्राम पंचायत हैं जिससे कोविड 19 के दृष्टिगत पालन करते हुए 40-40 प्रधानो को दो तिथिओ में प्रशिक्षण दिया जायेगा । उन्होंने विकास खंड करछना के ग्राम पंचायतों से नव निर्वाचित प्रधानो को उक्त निर्धारित तिथि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### भगत सिंह युवाओं के असली हीरो एवम आदश

**जसरा।** महज 23वर्ष की उम्र मे हसते हसते फांसी के फंदे पर पर झूलने वाले शहीद भगत सिंह युवाओं के असली आदर्श हैं। शहीद -ए -आजम भगत सिंह की आज जयंती हैं। उनका कानपुर से गहरा नाता रहा। भगत सिंह के भीतर जब क्रांति जगी उसी बीच उनकी शादी की बात चल पड़ी उससे बचने के लिए वर्ष 1926मे उन्होंने पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी से सम्पर्क साधे और कानपुर की राह पकड़ ली।यहाँ आकर उन्होंने 'प्रताप' प्रेस मे अपना ठौर पाया। वह बलवंत सिंह के 'छदम'नाम के 'प्रताप'अखबार मे काम करने लगे और अपने लेखों से क्रांति लिखने लगे। उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम शिक्षक राघवेन्द्र ठाकुरिया ने भगत सिंह के जयंती पर युवाओं के उदबोधन मे व्यक्त किये इस अवसर पर श्री ठकुरिया ने भगत सिंह को देश का असली क्रांतिकारी बताते हुए उनके पदचिन्हो पर चलने के लिए भी प्रेरित किया।

# जनपद के 4422 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का किया गया वितरण

अखंड भारत संदेश



जनपद के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन दिये जाने के बाद प्रसन्न मुद्रा में

**प्रयागराज।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग जनपद प्रयागराज के तत्वाधान में मंगलवार को जनपद के 4422 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव के अनुसार जनपद की 22 परियोजनाओं में कार्यरत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। विकासखंड मेजा, उरूवा और मांडा में मेजा की माननीय विधायक श्रीमती नीलम करवरिया द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया, इसी तरह विकासखंड कोरांव में माननीय विधायक राजमणि कोल द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। विकासखंड सोरांव में माननीय विधायक डॉ जमुना प्रसाद सरोज द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का वितरण कराया गया। विकासखंड सैदाबाद फूलपुर मऊआइमा आदि में ब्लॉक प्रमुख द्वारा स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

इसी क्रम में शहरी बाल विकास परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विकास भवन के सरस सभागार में स्मार्टफोन का वितरण की शुरूआत जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव के द्वारा की गई तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव के निदेर्शानुसार 22 परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन का वितरण किया गया। माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा लखनऊ से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन वितरण का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूरे प्रदेश में 123000 आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आज स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों खुश नजर आए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का कहना था कि अभी तक 30- 35 रजिस्टर सूचनाओं के लिए बनाना पड़ता था अब मोबाइल आ गया है तो अब इतने रजिस्टर हमें नहीं बनाना पड़ेगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मोबाइल मिल जाने से उन्हें काम करने में आसानी होगी तथा उन्हें अपने केंद्र से संबंधित समस्त सूचनाओं को मोबाइल में संकलित कर सुरक्षित रखने से उनके काम मे सरलता आएगी तथा जैसे कि आज के समय में शासन और मुख्यालय से सूचनाएं त्वरित गति से मांगी जाती हैं इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मोबाइल फोन का वितरण किया गया जिससे कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केंद्र से संबंधित समस्त सूचनाओं को त्वरित गति से प्रेषित कर सके। स्मार्टफोन के आ जाने से लाभार्थियों की सूचना आंगनबाड़ी द्वारा दी जाने वाली सेवाएं वृद्धि निगरानी जनगणना सर्वे इत्यादि जो भी सेवाएं आंगनबाड़ी द्वारा दी जाएंगी उसका डाटा मोबाइल में उपलब्ध रहेगा तथा मोबाइल में कई ऐप ऐसे है, जिनके माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने काम को सुगमता से कर सकती है।



शहीद भगत सिंह के कार्यक्रम में रेलवे यूनियन के पदाधिकारी आदि

## शहीदे आजम भगतसिंह के विचारों पर चल कर ही कम्पनी राज को हराया जा सकता है : कॉम मनोज पाण्डेय

### रेलवे सहित सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण पुनः देश को गुलाम बनाना है : डॉ कमल उसरी

**प्रयागराज।** आज नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन सम्बद्ध आई आर ई एफ व ऐक्टू ने इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन द्वारा देश भर में 19 सितंबर से 28 सितंबर तक चलाए जा रहे कम्पनी राज भगाओ, रेल बचाओ, कर्मचारी बचाओ महाअभियान* के आखिरी दिन शहीदे आजम भगतसिंह जी की जयंती को मनाया गया। नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय महामंत्री कॉम मनोज पाण्डेय ने कहा केंद्र सरकार के राष्ट्रीय मौद्रिकरण नीति, 43600 पर लगी सीलिंग हटवाने, पुरानी पेंशन योजना बहाल कराने, यार्ड सेड में 15% पदों के सरेंडर करने, सिविल स्टोर, कार्मिक, यांत्रिक, लेखा एवं चिकित्सा इत्यादि विभागों के हैल्परों के वर्कशॉप में खाली पड़े पदों को भरने के मांग के समर्थन में लगातार 19 सितंबर से हम अभियान चला रहे है। उन्होंने कहा कि आज हम शहीदे आजम भगतसिंह के जन्मदिन पर यह संकल्प दुहराते है कि भगत सिंह के विचारों पर चल कर ही वर्तमान कंपनी राज को हराया जा सकता है। श्री पांडेय ने कहा पहले भी हमने रेलवे कर्मचारियों के बल पर रेल मंत्रालय द्वारा लाए गए 100 डे एक्सन प्लान को नही लागू होने दिया है, आगे भी कोर, आर आर बी, आर आर सी को खत्म करने के सरकार के निर्णय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे। ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी ने कहा रेलवे सहित सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण पुनः देश को गुलाम बनाना है, सरकार मौद्रिकरण के नाम 4 वर्षों में 6 लाख करोड़ रुपए इकट्ठा करने की योजना बनाई है उसके खिलाफ इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन / ऐक्टू लगातार संघर्ष करता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन कोषाध्यक्ष कॉम संजय तिवारी,नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन केंद्रीय सहायक महामंत्री कॉम सैय्यद इरफात अली, आई टी ईचार्च राकेश शर्मा, आफताब अहमद, अनिरूद्ध सिंह, शमशेर आलम, अमित कनौजिया, सुनील आर्य, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, अजित कुमार, पीयूष मिश्रा, शिवांकर ,सुनील कुमार मिश्रा, राम किशोरा, मनमोहन, फैज खान, आर के यादव, विमल इत्यादि शामिल रहे थे।



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विधायक मेजा स्मार्टफोन देतीं

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विधायक मेजा ने बांटा मोबाइल फोन

**मेजा।** ब्लाक के आंगनवाड़ी कार्यकताओं को मेजा विधायक नीलम करवरिया ने मेजा ब्लाक की आंगनवाड़ी कार्यकताओं को मोबाइल फोन वितरित किया। बता दें कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की तरफ से पोषण अभियान के तहत प्रदेश के 51 जनपदों में आंगनबाड़ी कार्यकताओं को स्मॉर्टफोन दिया जाना तय है। विभागीय कार्यों को निर्धारित समय के भीतर निपटाने के लिए सरकार ने प्रदेश के 51 जिलों में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकताओं को स्मॉर्टफोन उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। इस योजना का लाभ प्रयागराज के सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मिलेगा। इस स्मार्ट फोन से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोषण ट्रैकर मोबाइल एप पर लाभार्थियों की प्रत्येक माह वृद्धि की निगरानी करेंगी। इसके अलावा केंद्र पर प्रदान की जाने वाले सभी विभागीय सेवाओं, पोषण और स्वास्थ्य मानकों की फीडिंग करेंगे। ताकि सैम और मैम बच्चों का चिन्हीकरण एवं उनका प्रबंधन किया जा सके। पोषण ट्रैकर का प्रभावी क्रियान्वयन होने से लाभार्थियों की नियमित वृद्धि की निगरानी में सुगमता होगी, जिससे पोषण स्तर में सुधार आएगा। स्मार्ट फोन संचालन करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकताओं को डेटा की भी जरूरत पड़ेगी। इसलिए मोबाइल में डेटा भराने के लिए विभाग की तरफ से हर महीने 200 रुपये का डेटा भी भरवाया जाएगा।उसी क्रम में मंगलवार को मेजा ब्लाक परिसर में संयोजक गंगा प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में विधायक नीलम उदयभान करवरिया के द्वारा तीनों ब्लाक में मोबाइल वितरण किया जाना तय था जिसकी शुरूआत मेजा ब्लाक से किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने विधायक से मानदेय बढ़वाने कि गुजारिश किया कार्यकताओं का कहना है कि इतने कम मानदेय में आजीविका चलाने में दिक्कत हो रहे हैं। विधायक ने कार्यकत्रियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने की मेरी जिम्मेदारी है,आपकी समस्या मेरी समस्या है आपको हर वह मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए जो सरकार की तरफ से मिल रही हैं। 2022 में एक बार पुनः आप लोग अपना आशीर्वाद देकर भाजपा की सरकार बनाएं। इस दौरान एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे, एडीओ कोआपरेटिव विष्णु प्रभाकर, राजेश त्रिपाठी ग्राम विकास अधिकारी, विजय कांत मिश्रा, राहुल द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, शैलेश पांडे पुष्कर तिवारी, मनीष मिश्रा विधायक के निजी सचिव जितेंद्र शुक्ला के साथ ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं उरुवा ब्लॉक मे 158 आंगनवाड़ी कार्यकताओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। इस मौके पर संयोजक वीडियो सपना अवस्थी, एडीओ पंचायत सुदामा राम गावडे, एडीओ कोआपरेटिव कामराज जायसवाल, राजेश द्विवेदी प्रधान संघ अध्यक्षष, अमित पांडे, विनय कांत शुक्ला, एन आर एल एम बाल विकास अधिकारी सरोज शुक्ला, सरस्वती देवी और ब्लॉक के अन्य कर्मचारी रहे।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव में मिथिलेश अध्यक्ष व प्रदीप बनें महामंत्री

अखंड भारत संदेश

### नव निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ जोरदार स्वागत



निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते सहकर्मी

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के सभागार कक्ष में सोमवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ फूलपुर का चुनाव सम्पन्न हुआ। मतदान के पश्चात हुई मतगणना में अध्यक्ष पद पर मिथिलेश कुमार भारतीया व महामंत्री पद पर प्रदीप कुमार गौतम निर्वाचित हुए। मिथिलेश कुमार भारतीया को 58 व महामंत्री प्रदीप कुमार गौतम को 64 मत प्राप्त हुए। वहीं सुनील कुमार पटेल कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी शिव प्रकाश यादव ने जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं अन्य कर्मचारियों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर जीत की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष मिथिलेश कुमार भारतीया ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देने पर सभी सहकर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की कर्मचारी हितों के लिए सदैव आगे रहूंगा। वहीं महामंत्री प्रदीप कुमार गौतम ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा की संगठित रहने पर हर कार्य आसान हो जाता है इसलिए हम सभी को संगठित रहकर अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए। मौके पर अजय वर्मा, दीपचंद,रमेश गौतम, संतोष गौतम, शोभनाथ भारतीय, चिंतामणि पाल, अवधेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# फूलपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने किया भारत बंद का समर्थन

अखंड भारत संदेश

### कार्य से विरत रहकर तहसील में की तालाबंदी



तहसील के सामने चक्काजाम कर किसानों के समर्थन में नारेबाजी करते अधिवक्ता

**फूलपुर।** कृषि कानून के खिलाफ लंबे समय से आंदोलनरत किसान संगठनों द्वारा सोमवार को भारत बंद का समर्थन करते हुए फूलपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने कार्य से विरत रहकर तहसील के सामने चक्का जाम कर दिया। तहसील अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह अवरूद्ध मार्ग को खाली करवाया। किसानों का समर्थन करते हुए तहसील बार एसोसिएशन फूलपुर के अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है सरकार को उनकी मांगों को मानना चाहिए। वहीं महामंत्री एडवोकेट दिलीप कुमार आजाद ने कहा कि अन्नदाताओं के खिलाफ लागू काले कानून को सरकार द्वारा अविलंब वापस लेना चाहिए। मौके पर विजय कुमार,अजय तिवारी, राजीव वर्मा, राजेश कुमार, कृष्ण मूर्ति, अनिल शुक्ला, धर्मराज यादव,देवेश यादव,रामराज तिवारी, श्यामबाबू, एजाज अहमद, रामराज,आर के श्रीवास्तव, सतीष श्रीवास्तव, तारकेश्वर तिवारी, शिव कुमार यादव, प्रकाश यादव, संतोष शुक्ला, रामसिंह यादव,रोशन लाल पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# गंगा स्वच्छता एवं जलीय जीव के जागरूकता के लिए रैली कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश



गंगा स्वच्छता एवं जलीय जीव जागरूकता को निकली रैली

**प्रयागराज।** नमामि गंगे परियोजना से अंतर्गत भारतीय वन्यजीव स्थान द्वारा प्रयागराज के ब्लॉग जसरा के बीकर गांव मे गंगा स्वच्छता एवं जलीय जीव के जन जागरण हेतु रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कैडेट कोर, गंगा पहरी, स्थानीय ग्रमीण के युवा, बच्चे आदि इस रैली कार्यक्रम में प्रतिभाग किए। कार्यक्रम का आयोजन फील्ड इन चार्ज के पी उपाध्याय द्वारा किया गया ।जलीय जीव एवं जैव विविधता के ऊपर स्लोगन व नारेबाजी करके सभी गांव के लोगों को जागरूक किया गया । कार्यक्रम में सामुदायिक अधिकारी हेमा पंत और प्रियंका सिंह भी मौजूद रहीं। भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा आजीविका को बढ़ावा देने हेतु 21 दिवसीय की निशुल्क कार्यशाला निरंतर आयोजित की जा रही है जिसमें एलईडी एवं ब्यूटिशियन का कोर्स कराया जा रहा है और ग्रामीण युवा -युवतियों को प्रशिक्षित किया जा रहा ।एलईडी की ट्रेनर कमलप्रीत व ब्यूटीशियन की विभा रावत इस कार्यशाला के लिए खास तौर पर नियुक्त किया गया है और वह युवाओं के कौशल विकास में पूरा योगदान दे रही हैं। वन्य जीव संस्थान द्वारा चलाया जाए इस प्रशिक्षण को ग्रामीण वासियों ने काफी सराहा और कहा इस तरह के प्रशिक्षण से युवाओं को रोजगार का बढ़ावा मिलेगा और उनके आत्मविश्वास को प्रोत्साहन मिल रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मुंगारी विकास खण्ड करछना प्रयागराज

### अल्प कालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021-22 में ग्राम पंचायत मुंगारी विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले कार्यों मनरेगा, राज्य वित्त/ 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण सामुदायिक शौचालय निर्माण व मरम्मत साथ ही अन्य निर्माण कार्य/मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्मे दिनांक 10-08-2021 से 14-08-2021 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 17-08-2021 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | दूधनाथ झा के घर से जितेन्द्र के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य | (3.99 लाख) | 2 माह |
| 2. | दानबहादुर के घर से काली रोड तक इण्टलाकिंग कार्य | (3.99 लाख) | 2 माह |
| 3. | रामपुर कोहड़ार घाट रोड से विमलेश मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | (12.60 लाख) | 2 माह |
| 4 | मनरेगा पार्क | (16.00 लाख) | 1 माह |

गुजराता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मुंगारी
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

कमल सिंह
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मुंगारी
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020-21/दिनांक



## कार्यालय ग्राम पंचायत मुंगारी विकास खण्ड करछना प्रयागराज

### अल्प कालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021-22 में ग्राम पंचायत मुंगारी विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले कार्यों मनरेगा, राज्य वित्त/ 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व पशुशेड निर्माण , सामुदायिक शौचालय निर्माण व मरम्मत साथ ही अन्य निर्माण कार्य/मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्मे दिनांक 10-08-2021 से 14-08-2021 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 17-08-2021 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

| संख्या | नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नागेन्द्र प्रताप | पशुशेंड | 1.16 लाख | 2 माह |
| 2. | कुसुम | पशुशेंड | 1.16 लाख | 2 माह |
| 3. | अंजू पाल | पशुशेंड | 1.16 लाख | 2 माह |
| 4. | लक्ष्मी गौड़ | पशुशेंड | 1.16 लाख | 2 माह |
| 5. | जितेन्द्र झा | पशुशेंड | 1.16 लाख | 2 माह |
| 6. | सुबेदार | पशुशेंड | 1.16 लाख | 2 माह |

गुजराता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मुंगारी
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

कमल सिंह
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मुंगारी
विकास खण्ड करछना, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020-21/दिनांक


# जर्जर भवन मान्यता व नवीनीकरण की मार खा रहा बालिका गृह

शहजादे/डा0 मो0 शमीम

### बालिका गृह का संचालन बंद



कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित कोल बालिका गृह आश्रम पसना कोरांव



अव्यवस्था तथा मनमानी का शिकार आश्रम का द्वार

**कोरांव।** तहसील कोराव के ग्राम पंचायत पसना में कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी कोल बालिका आश्रम एवम बालिका गृह अपनी बदकिस्मती पर आंसू बहा रहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त आश्रम कोल गृह बालिका का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रयागराज द्वारा बंद करा दिया गया है। दरस्ल वर्ष 2014में महिला कल्याण निदेशालय लखनऊ द्वारा जीरो से अठारह वर्ष की कोल बालिकाओं हेतु आश्रम संचालन की मान्यता दी थी। जिसकी बैधता तिथि वर्ष 2019 तक ही थी। बीच बीच में जिम्मेदार अफसरों द्वारा शासन की मंशा नुसार न्याय किशोर योजना आदि के तहत जांच वगैरह में जर्जर भवन व अब्यवस्थाये देखी गई। इसके बावजूद कुछ स्टाप की तीमारदारों ने स्कूल का संचालन निजी स्वार्थ के लिए बदस्तूर जारी रखा। जिसकी शिकायत जिला प्रवेशन अधिकारी को मिली तो उन्होंने उप जिला अधिकारी कोराव से उक्त गृह बालिका को बन्द करने की अपेक्षा की। जिस पर उप जिलाधिकारी अभिनव कनोजिया ने आसाराम का निरीक्षण कर संचालन बंद करा दिया। इसके बावजूद आश्रम का संचालन बंद नही हुआ। इस संबंध में ग्रामीणों सोशल वर्कर लोगों का कथन है कि उक्त आश्रम में बालिकाओं की व्यवस्था सरकारी मंशा व गाइड लाइन के अनुसार नहीं हैं यदि कोई अप्रिय घटना घटती है तो जिम्मेदार कौन होगा। उप जिलाधिकारी से संपर्क किया गया किन्तु उनका फोन नही उठा। और सियूजी नंबर भी बन्द था। इस विषय की खबर अखंड भारत संदेश ने प्रकाशित की थी। जिसका असर देखने को मिला,और जांच कार्यवाही शुरू हुई।



,, कोल गृह बालिका आश्रम के विषय में जिला प्रशासन से जानकारी लेकर उसकी मान्यता नवीनीकरण और संचालन के बारे में समुचित कार्यवाही कराऊंगा, उसमें क्या दिक्कतें आ रही क्या समस्या है निदान कराऊंगा।,,

राजमणि कोल
भाजपा विधायक कोरांव
प्रयागराज

# प्रमोद व मोना पर रिपोर्ट रद्द न हुई तो कांग्रेसजन करेंगे आंदोलन



## कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कांग्रेस विधान मण्डल दल नेता आराधना मिश्र मोना एवं पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी पर दर्ज किये गये फर्जी मुकदमे के विरोध में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने नगर में प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ता प्रमोद तिवारी, मोना जिन्दाबाद, सत्ता के बल पर तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगा रहे थे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि घटना की न्यायिक जांच होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि सांसद का समय 12 बजे निर्धारित था लेकिन वह ढाई बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर 10-12 अराजकतत्वों को लेकर हंगामा मचाया। उन्होंने अराजकतत्वों पर तत्काल मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की। जिला प्रभारी जयकरन वर्मा ने कांग्रेसजनों पर दर्ज मुकदमे की निंदा करते हुए कहा कि यह सरकार तानाशाही पर उतारु है। उन्होंने कहा कि मुकदमा दर्ज न किया गया तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। पूर्व सदर प्रत्याशी डा0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि सांसद फर्जी मुकदमों के सहारे अपनी सुरक्षा बढ़ाना चाहे रहे हैं जबकि सांसद संगम लाल पर महाराष्ट्र में कई मुकदमे दर्ज हैं। शहर अध्यक्ष इरफान अली ने ट्रामा सेंटर लालगंज के सामने हाईवे जाम करने वाले सांसद व उनके समर्थकों पर तत्काल मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की है। इस दौरान राज्यपाल को सम्बोधित दस सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा गया जिसमें संगम लाल द्वारा लिखाई की गई अनेक एफआईआर झूठी और प्रमाणित निकली है। उसका विस्तृत उल्लेख किया गया है और प्रमोद व मोना के विरुद्ध रिपोर्ट को तत्काल रद्द किये जाने की मांग की गई। प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा, बृजेन्द्र मिश्रा, कपिल द्विवेदी, डा0 प्रशांत शुक्ला, वेदान्त तिवारी, डा0 वीके सिंह, महेन्द्र शुक्ला, आशुतोष तिवारी, मकरन्द शुक्ला, फिरोज कुरेशी, विपिन सिंह, उत्सव भूषण पाल, इंद्रानंद तिवारी, करुणेश पाण्डेय, राम लवट यादव, राकेश सरोज, कुसुम सिंह, योगेश यादव, शिवशंकर भुर्जी, डा0 देवी शंकर पाण्डेय, चरण सिंह यादव, विकास वर्मा, सूर्य प्रकाश शुक्ला, लल्लन सिंह, राम रतन तिवारी, नूर आलम, मनीष सिंह, मो0 यूसुफ, दिलशाद, शिवम मिश्र, संजय शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रमोद व मोना के समर्थन मे सड़क पर उतरे व्यापारी, बाजार रहे बंद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के खिलाफ सांगीपुर की घटना मे लिखी गई एफआईआर को लेकर मंगलवार को भी व्यापारियों मे उबाल देखा गया। नगर पंचायत की लालगंज बाजार तथा उदयपुर बाजार मे जोरदार बंदी को देख दिन भर प्रशासन भी हलाकान दिखा। प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के प्रति समर्थन जताते हुए मंगलवार को यहां तहसील मुख्यालय की बाजार पूरी तरह से बंद दिखी। नेशनल हाइवे लखनऊ वाराणसी से लेकर लालगंज घुइसरनाथ तथा कालाकांकर मार्ग पर छोटे से बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद दिखे।

यहां तक की चाय पान तक की दुकानों की बंदी के चलते बाजार मे आये लोग चाय पान को भी तरस उठे। वहीं उदयपुर बाजार मे भी सुबह से ही व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद दिखे। इसके चलते उदयपुर बाजार मे भी पूरे दिन सन्नाटा पसरा दिखा। सीओ कुण्डा अर्जुन सिंह तथा कोतवाल कमलेश पाल भारी फोर्स के साथ घंटो चौक पर जमे दिखे। पुलिस ने पूर्वान्ह अपने वाहन से व्यापारियो से बंदी समाप्त किये जाने की अपील भी की किंतु पुलिस की इस अपील का स्थानीय व्यापारियों पर रत्ती भर असर नही दिखा। एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र भी पुलिस व पीएसी के साथ सीओ कार्यालय मे बाजार को लेकर पल पल की जानकारी में मशक्कत करते दिखे।

# कृषि और विज्ञान का तालमेल भारत के लिये जरुरी

## कृषि तकनीकी पर किसानों ने सुना पीएम का भाषण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू में जलवायु सहिष्णु कृषि तकनीकों एवं पद्धतियों का व्यापक अभियान में प्रधानमंत्री की बातचीत का मंगलवार को सीधा प्रसारण दिखाया गया। पीएम मोदी ने विशेष गुणों वाली 35 फसलों की किस्में राष्ट्र को समर्पित करते हुए बताया कि ये बीज जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से खेती की सुरक्षा करने और कुपोषण मुक्त भारत के अभियान में बहुत सहायक होने वाला है।

इस दौरान किसानों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कृषि और विज्ञान के तालमेल का निरंतर बढ़ते रहना 21वीं सदी के भारत के लिए बहुत जरूरी है। आज इसी से जुड़ा एक और अहम कदम उठाया जा रहा है। प्रसारण के बाद वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कृषकों को जलवायु अनुरूप खेती करना चाहिए। इसके लिए कृषि में विविधीकरण द्वारा (औद्यानिक एवं पशुपालन) तथा एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर ही आय को दो गुना किया जा सकता है। इसके उपरान्त सभी किसानों को पोषण वाटिका हेतु मिनी बीज किट उपलब्ध कराया गया जिसमें 237 किसान लाभान्वित हुए। कृषि विज्ञान केन्द्र के समस्त स्टाफ डा0 ए0 के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन सिंह, श्री भाष्कर शुक्ला, श्रीमती स्वाती दीपक, श्री अवधेश सिंह, डा0 अमित बरनवाल, श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, डा0 रणजीत सिंह, प्रशान्त उपाध्याय, यतेन्द्र कुमार, विनोद चौरसिया, जुगल किशोर, जी0आर0 पटेल, रविशंकर, अरूण शुक्ला आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग प्रदान किया।




# 300 जरुरतमंद लोगों को लायंस क्लब ने वितरित किये वस्त्र

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लायन्स क्लब गौरव प्रतापगढ़ की तरफ से लायन्स क्लब के एक मण्डल एक कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित नेकी की दीवार कार्यक्रम में ज़रूरतमंद लोगों के लिए वस्त्र वितरण का कार्यक्रम एक होटल में सफलतापूर्वक संम्पन हुआ। जिसके तहत समाजसेवी आलोक सिंह जो कि कपड़ा बैंक का संचालन करते हैं, उन्हें लायंस क्लब गौरव के सदस्यों की तरफ से लगभग 300 वस्त्र ज़रूरतमंद लोगों के लिए दान किये गए। इस आयोजन में प्रमुख रूप से समाजसेवी आलोक सिंह, बृजभान सिंह, सनी सिंह, शिशिर खरे, डॉक्टर पियूष कांत शर्मा, स्मृति सिंह, तरनदीप कौर, मालिनी केशरवानी, श्रद्धा केशरवानी आदि रहे।

# गीला व सूखा कचरा अलग करके बनाएं कम्पोस्ट खाद



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका शासन-प्रशासन के निर्देश पर नगर में अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कचरा अलग करो दिवस के तहत मंगलवार को नगर के अचलपुर मोहल्ला व पटखौली वार्ड में जागरुकता अभियान चलाया।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिह द्वारा बनाई गई कार्य योजना के तहत घर-घर जाकर नागरिकों को कचरा अलग कर घर में कचरे से खाद बनाने की जानकारी दी गई। कचरा अमृत है। यदि गीला कूड़ा अलग और सूखा कूड़ा घर पर ही अलग कर लिया जाए तो इससे आसानी से कम्पोस्ट खाद बनाई जा सकती है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह व डीसी आशीष मिश्रा द्वारा कचरे के बारे में कहा गया कि कचरा कचरा नहीं है, बल्कि अमृत है। इसके बाद सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कचरा द्वारा बने खाद आप बागवानी, सब्जी आदि में स्वयं उपयोग कर सकते हैं और रासायनिक खाद से बचा जा सकता है जिससे स्वास्थ्य के प्रति सुरक्षित होने से समाज स्वस्थ और सुरक्षित रहेगा। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के राजेन्द्र प्रसाद और शैलेन्द्र सिंह द्वारा घर-घर कचरे को अलग-अलग किये जाने की चर्चा की गई।

## अमृत दिवस में स्वच्छता पर दिया गया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के अर्न्तगत मंगलवार को दीवानी वार्ड मे अमृत दिवस का आयोजन किया गया। ईओ सुभाषचंद्र सिंह के निर्देशन मे आयोजित कार्यक्रम मे कचरा अलग करो की लोगों को जागरूकता दी गई। कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष मिश्र ने नगरवासियों को कचरा के पृथककरण तथा वार्डो मे साफ सफाई को लेकर स्वजागरूकता का आहवान किया। संचालन करते हुए सह संयोजक विकास तिवारी ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर नगर पंचायत के अभियानों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर रोहित मिश्र, आलोक शर्मा, अनिल महेश, विभाकर शुक्ल आदि रहे।

# शांतिपूर्ण ढंग से मना जिले में चहेल्लुम का त्योहार

## जुलूस निकालकर किया गया जंजीरी मातम



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोरोना संक्रमण के चलते मोहर्रम की चहेल्लुम पर सीमित संख्या में ही अंजुमनों ने जुलूस निकाला। इस दौरान जंजीरी मातम कर इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया। साथ ही लंगर का भी वितरण किया गया और देश में कोरोना महामारी की दुआएं भी मांगी।

चहेल्लुम पर पुराना माल गोदाम रोड, सिप्तैन रोड, बेगम वार्ड, खुशखुशवापुर से सीमित संख्या में अंजुमन द्वारा जुलूस निकाला गया और जुलूस में जंजीरी मातम किया गया। अंजुमन आशिकाने रसूल के प्रबंधक इरशाद सिद्दीकी ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बारे में तकरीर की। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन इस्लाम को बचाने के लिये अपने 72 शहीदों के साथ अपना सिर कटा दिये थे। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन के चाहने वाले इस महीने में पंजे को अलम में लगाते हैं और उस मंजर को याद दिलाते हैं। इस मौके पर अंजुमन आशिकाने रसूल के अध्यक्ष मेराज खान, उपाध्यक्ष फरीद आलम, सचिव शकील अहमद, लल्लन शेख, अब्दुल हसन, शौकत अली, मो0 अशफाक, मुमताज, नौशाद, मीडिया प्रभारी बरकत अली आदि लोग मौजूद रहे। उधर चहेल्लुम पर कर्बला व मस्जिदों के आसपास नगर पालिका ने सुबह सफाई की और चूने का छिड़काव किया।

## बाउंड्री तोड़ने से मना करने पर आरोपियों ने किया हमला, मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कांधरपुर गांव में बाउंड्री बनाने के विवाद को लेकर आरोपियों ने जमकर मारपीट की जिससे दो लोगों को चोटें आई हैं पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कांधरपुर गांव में 26 सितंबर को राधेश्याम विवादित जमीन पर बाउंड्री का निर्माण कर रहा था जिस पर बृजभूषण ने ऐसा करने से मना किया तो तीन लोगों ने एक राय होकर उसे दौड़ा लिया और घर में घुसकर मारा पीटा। घर का सामान तोड़ दिया जान से मारने की धमकी दिया जिससे मनीष व अमरेश को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

# अपर जिला मजिस्टेट्ट ने 11 गुण्डों को किया जिला बदर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध अपर जिला मजिस्टेट्ट (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत धारा-3(3) के तहत कार्यवाही करते हुये 11 गुण्डों को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। अपर जिला मजिस्टेट्ट ने जिन 11 गुण्डों को जिला बदर किया है उनमें थाना जेठवारा अन्तर्गत ग्राम झलिहन का पुरवा/खटवारा के सतीश सुत नन्द किशोर तिवारी, दिलीप तिवारी सुत राजाराम तिवारी, राजू उर्फ दिवाकर तिवारी सुत शिव नारायण तिवारी, लाले सुत नन्द किशोर तिवारी, मुन्ना तिवारी उर्फ शिव नारायण तिवारी सुत नन्द किशोर तिवारी, नीरज तिवारी सुत लल्लन तिवारी उर्फ राजनारायण तिवारी व ग्राम-सबलगढ़ डेरवा के मुन्ना सुत गिरधारी, थाना रानीगंज अन्तर्गत ग्राम अधारगंज के मुखतार अहमद सुत नियाजुद्दीन, थाना कुण्डा अन्तर्गत ग्राम कटरा मनगढ़ के अंकित पाल सुत राम प्यारे पाल, थाना महेशगंज अन्तर्गत ग्राम रिसाल का पुरवा ऐमापुर के धर्मेन्द्र कुमार उर्फ डी0पी0 सुत भगवानदीन एवं थाना कन्धई अन्तर्गत ग्राम गहरीचक के सद्दाम सुत रियाज उर्फ रियाजुद्दीन के नाम शामिल हैं।

## दुर्घटना मे पिता-पुत्र घायल, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर से संग्रामगढ़ बाजार जा रहे पिता पुत्र दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल हो गये। बाघराय थाना के सिया गांव निवासी राजकुमार पटेल 51 अपने पुत्र अनुराग पटेल 22 के साथ मंगलवार की सुबह घर से संग्रामगढ़ बाजार जा रहे थे। रामपुर बावली तिराहे पर पूर्वान्ह ग्यारह बजे सामने से आ रहे अनियंत्रित टैड्रक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पिता पुत्र गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। घायलो को लोगों ने स्थानीय सीएचसी उपचार के लिए पहुंचवाया। यहां प्रारंभिक इलाज के बाद चिकित्सको ने दोनों चुटहिलो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## वकीलों के घर दबिश को लेकर साथियों ने जताई नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर की घटना के नाम पर वकीलों के घर भी दबिश को लेकर मंगलवार को भी यहां वकीलों का पारा फिर चढ़ आया। तहसील के खानीपुर निवासी अधिवक्ता अजीत सिंह के घर पुलिस पहुंचने की जानकारी जैसे ही साथियों को हुई, तहसील परिसर मे बडी संख्या मे इकटठा हुए वकीलो ने पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करनी शुरू कर दी। संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय तथा महामंत्री प्रवीण यादव ने कहा कि जब सोमवार को प्रशासन ने वकीलो का उत्पीड़न न होने का भरोसा दिलाया था तो इस प्रकार की पुलिसिया कार्रवाई हमें आंदोलन शुरू करने पर मजबूर करने की ओर है। तहसील मे विरोध प्रदर्शन जताने के बाद वकीलों ने सीओ कार्यालय के सामने मौजूद एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र से सामूहिक मुलाकात कर सांगीपुर के मौजूदा कोतवाल की कार्यशैली पर खुली नाराजगी जताई। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, राव वीरेन्द्र सिंह, टीपी यादव, अजय शुक्ल गुड्डू, विपिन शुक्ल आदि मौजूद रहे।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025

## अवैध शराब व लहन बरामद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आबकारी विभाग की प्रवर्तन टीम ने आकस्मिक छापेमारी कर मंगलवार को चालीस लीटर अवैध शराब तथा ढाई सौ क्विंटल लहन बरामद किया है। टीम ने मौके पर मिले लहन को नष्ट करा दिया। आबकारी निरीक्षक लालगंज के साथ टीम ने सांगीपुर थाना के हर्षपुर तिनमोहनिया वल्दियान मे दबिश देकर चालीस लीटर कच्ची शराब बरामद किया।

# सरकार की जनविरोधी नीतियों को लोगों तक पहुंचाएंः विकास यादव

## सपा कार्यालय पर सयुस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक




**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर सातों विधानसभाओं की बैठक बुलाई गई। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव बैठक लेने आए थे।

इस दौरान विकास यादव ने संगठन समीक्षा के साथ साथ कार्यकर्ताओं तथा पार्टी के सभी सभी पदाधिकारियों से अपने बूथ को मजबूत करने का आवाहन किया और भारतीय जनता पार्टी के तमाम जनविरोधी नीतियों को आवाम तक पहुंचाने का भी आवाहन किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों में जिस तरह जनसैलाब दिखाई दे रहा है उससे साफ प्रतीत हो रहा की समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इस दौरान मौजूद पार्टी के जिला अध्यक्ष छविनाथ यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने लोगों को एकजुट होने को कहा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ राम बहादुर पटेल सदर, राम अवध यादव काका कुंडा ,रानीगंज डॉ शेर बहादुर यादव, राम बचन यादव पट्टी, बाबागंज रमेश यादव लालगंज नूर इकबाल रब्बानी, राजकुमार यादव विश्वनाथ, ओम प्रकाश यादव, महेश कुमार, उदय राज सरोज, केशव प्रसाद, सीखें लाल यादव, कमलेश दुबे, महारानी बिन, दीपक यादव, उमाशंकर, मनोज यादव, पितई मौर्य, बंसी पासी, बृजेश यादव, बंसीलाल, रामकेवल वर्मा, शाकिर अली, हीरालाल पटेल, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कोरोना के दृष्टिगत की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जिले में लॉकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेशी के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जिले के विभिन्न थानों द्वारा सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें 162 वाहनों का ई चालान किया गया व 8 वाहनों से 3500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया साथ ही बिना मास्क लगाए घूम रहे 5 व्यक्तियों से 500 रुपए जुमार्ना वसूला गया।

### छः वांछित अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अलग अलग थानों द्वारा छः वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना सैनी पुलिस द्वारा अभियुक्तगण दीप कचेर पुत्र बुधराम सिंह कचेर देवेन्द्र सिंह उर्फ सतेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद मनीष सिंह पुत्र रमेश सिंह रमेश सिंह पुत्र पीताम्बर लाल निवासी गण सरैया मजरा रामपुर धमावा थाना सैनी को करनपुर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया व जमा तलाशी के दौरान तीन अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरमाद होने पर अभियुक्तगणों को कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा दो वांछित अभियुक्त धुन्नू पांडेय और सुभम पांडेय को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त नितिन पुत्र कुबेर निवासी दादूपुर बैदन को देवीगंज चौराहा के पास से गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त हीरालाल पुत्र रामकृपाल निवासी देवाना थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

# अंतिम संस्कार में जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

## सराय अकिल थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में महिला गंभीर घायल



हादसे के बाद घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड

अखंड भारत संदेश

**सराय अकिल कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कूरा गांव के पास बाइक सवार मां बेटे को ट्रक ने कुचल दिया है इस हादसे में बेटे की मौके पर मौत हो गई है और माँ गंभीर रूप से घायल है हादसे के बाद घटनास्थल पर आसपास के सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए और मामले की सूचना स्थानीय पुलिस के साथ हादसे के शिकार युवक के परिजनों को दी है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और परिजन पहुँच गए है पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए इलाहाबाद अस्पताल भेज दिया है और बेटे की लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेज दिया है हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद परिजन दहाड़े मार कर रो रहे है रिश्तेदार के घर में मौत होने के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने बाइक से मां बेटा दोनों जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम छेकवा निवासी चिरौंजी लाल का पुत्र सुरजीत कुमार अपनी माँ राजकुमारी के साथ मंगलवार की सुबह बाइक से ग्राम पेरवा रिस्तेदार के यहाँ अन्तिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार मां बेटेबेनीराम कटरा और सराय अकिल मार्ग पर ग्राम कूरा के पास पहुँचे कि तेजगति ट्रक ने ओवरटेक के चक्कर मे बाइक में टक्कर मार दिया ट्रक की टक्कर लगते हैं बाइक सवार मां बेटा सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे इस हादसे में युवक सुरजीत कुमार की मौके पर तड़प-तड़प कर मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोग घटनास्थल पहुंचे हैं और दुर्घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस के साथ हादसे के शिकार लोगो के परिजनों को दिया है हादसे में घायल महिला राजकुमारी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया जहां गंभीर हालत होने पर चिकित्सकों ने इलाहाबाद रेफर कर दिया है दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक समेत घटनास्थल से फरार हो जाने में कामयाब हो गया है।

## सेफ्टी टैंक मैं गिरने से बच्चे की हुई मौत

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ में सेफ्टी टैंक में गिर जाने से एक बालक की मौत हो गई है बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ निवासी राजेश केशरवानी का पुत्र अंश केशरवानी उर्फ शानि उम्र 9 वर्ष सोमवार की शाम घर के बाहर खेलते वक्त 5:30 बजे सेफ्टी टैंक में गिर गया है जिससे उसकी मौत हो गयी बताया जाता है कि राजेंद्र पटेल के घर मे बने सेफ्टी टैंक मे गिरने से अंश केसरवानी की मौत हुई है थाना पिपरी पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

## गृहस्वामिनी पर गिरी दीवार मौत

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैरमपुर में कच्ची दीवार गिरने से एक महिला की दीवार में दब कर मौत हो गयी है महिला की मौत के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बैरमपुर गांव निवासी राजेश्वर प्रसाद का कच्चा घर बना हुआ था कच्चे घर मे उनका परिवार रहता है राजेश्वर प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास की मांग अधिकारियों से की लेकिन भाजपा राज में प्रधानमंत्री आवास की आव्यवस्था के बीच राजेश्वर प्रसाद को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिल सका लगातार बारिश के चलते उनकी दीवार गिर गई जिससे गृहस्वामी राजेश्वर दुसाद की पत्नी रानी देवी की मृत्यु हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है खबर लिखे जाने तक राजस्व के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशाम्बी।** महिला अधिकार संगठन की जिला अध्यक्ष समाज सेवी अंजना मिश्रा के नेतृत्व मे सोमवार को शुक्लन का पूरा मजरा इब्राहिमपुर करारी में मिशन शक्ती के तहत महिला एवं बालिका जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया कार्यक्रम में महिला एवं बालिकाओ को जागरूक किया गया भ्रूण हत्या घरेलू हिन्सा कन्या सुमन्गला बालिका संरक्षण एवं अन्य बहुत योजनाओ के प्रति कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया गया कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड से निधी त्रिपाठी एवं जिला प्रोवेशन कार्यालय से अन्जू दुबे पवारा ग्राम प्रधान एवं अर्चना रेनू यादव नीलम यादव एवं करारी थाने की पुलिस फोर्स मौजूद रही इनके अलावा बहुत से गणमान्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित महिलाओं बालिकाओं को संबोधित करते हुए अंजना मिश्रा ने कहा कि महिलाओ एवं बालिकाओ पर अत्याचार बिल्कुल भी बर्दाश्त नही किया जायेगा वो चाहे जो भी हो हर परिस्थिति में महिलाओं बालिकाओं को संरक्षण दिया जाएगा इसके लिए उनका संगठन हमेशा साथ खड़ा है।




मिशन शक्ति के तहत महिलाओ को किया गया जागरूक

# अवैध वसूली में लिप्त यातायात पुलिस विधायक पर लगाती है आरोप

## चायल तहसील क्षेत्र के चरवा थाना इलाके में पकड़े गए ओवरलोड दो बालू लदे ट्रैक्टरों का मामला

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले में यातायात पुलिस की व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है यातायात नियमों के पालन के नाम पर पूरे दिन यातायात पुलिस द्वारा जांच के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। गलत तरीके से वाहनों के चलने पर उन्हें पकड़ने के बाद यातायात पुलिस लेनदेन कर छोड़ देती है जिले के प्रत्येक कस्बे चौराहे पर अवैध तरीके से डामर सड़क पर वाहनों को खड़ा कर विक्रम टेंपो टैक्सी ई-रिक्शा और बस चालक सवारी भर रहे हैं इस मामले पर यातायात पुलिस अनजान बनने का नाटक कर रही है। यातायात व्यवस्था नियंत्रित करने के लिए चौराहों पर यातायात पुलिस और होमगार्ड जवानों की ड्यूटी लगाई गई हैं पूरे दिन होमगार्ड के जवान और यातायात के सिपाही गप्पे मारते देखे जाते हैं और जैसे ही कोई ओवरलोड वाहन दिखाई पड़ा उसे रोकने के लिए वह दौड़ पड़ते हैं लेकिन रोकने के बाद भी वाहनों का चालान नहीं होता। बीते दिनों चायल तहसील क्षेत्र के चरवा थाना क्षेत्र में इसी तरह का एक मामला यातायात उपनिरीक्षक धीरेंद्र जायसवाल का सामने आया है ओवरलोड बिना परमिट के बालू लाकर जा रहा दो ट्रैक्टर ट्रालियों को यातायात के उप निरीक्षक धीरेंद्र जायसवाल ने रोक लिया और उसे थाने ले कर जाने लगे लेकिन बीच रास्ते में सौदेबाजी हो गई ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टरों को यातायात पुलिस ने छोड़ दिया। इस मामले में यातायात पुलिस का कहना है कि एक विधायक की सिफारिश पर अवैध वाहनों को छोड़ा गया है अब यही यातायात पुलिस की नई कहानी शुरू हो गई गुनाह खुद यातायात पुलिस कर रही है और विधायक पर आरोप लगा रही है। यातायात पुलिस के इस कारनामे को आला अधिकारियों के साथ माननीयों को भी संज्ञान लेकर इन पर कठोर कार्यवाही करनी होगी तभी निरंकुश यातायात पुलिस की अवैध वसूली कुछ कम हो सकती है।

# कांग्रेस नेताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस हों : अरूण विद्यार्थी

## डीएम को सौंपा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे कार्यकर्ता

## प्रतापगढ़ में भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता की पिटाई का मामला

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सत्ता के जोर पर जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के नेता जबरिया फर्जी मुकदमे दर्ज करा रहे है उससे प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। प्रतापगढ़ जिले में कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी और पार्टी के सीएलपी लीडर मोना मिश्रा पर भाजपा सांसद संगम गुप्ता द्वारा फर्जी मुकदमे दर्ज कराए गए यही नहीं एक ही मामले में चार अलग-अलग लोगों ने मुकदमे दर्ज कराए हैं जो कानून व्यवस्था का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन और सत्ता का दुरुपयोग है। उक्त बातें पार्टी जिलाध्यक्ष अरूण विद्यार्थी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित सभा के दौरान कही कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव व प्रभारी रामकिशन पटेल और पूर्व विधायक विजय प्रकाश मौजूद रहे। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा कि जिस प्रकार से पार्टी के नेता प्रमोद तिवारी और सीएलपी लीडर मोना मिश्रा पर भाजपा सरकार में फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज हुआ है। वह भाजपा सरकार के तानाशाही रवैए को दिखाता है जहां भाजपा सांसद के झूठे तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं इसी मामले को लेकर तीन अन्य लोगों से भी इसी घटना के तहत मुकदमा दर्ज कराया है जो कानूनन सही नहीं है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता के द्वारा दी गई तहरीर पर अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया। बैठक में बोलते हुए पार्टी नेता वेद प्रकाश पांडे सत्यार्थी ने कहा कि यदि पार्टी के पूर्व सांसद रहे नेता प्रमोद तिवारी और उनकी पुत्री मोना मिश्रा पर लगे मुकदमें सरकार वापस नहीं लेती और इनके द्वारा दी गई तहरीर पर भी मुकदमा नहीं दर्ज किया जाता तो पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी मौजूदा भाजपा सरकार की होगी। कार्यक्रम में बोलते हुए पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम ने कहा कि रामपुर खास विधानसभा से कभी भी कोई दूसरा दल चुनाव नहीं जीत पाया भाजपा की यही हताशा अब प्रमोद तिवारी के खिलाफ इस षड्यंत्र के रूप में लाया गया है। लेकिन कांग्रेस के सिपाही पूरे प्रदेश में प्रमोद तिवारी के लड़ाई को लड़ने के लिए तैयार हैं। राज्यपाल के नाम संबोधित दिए गए ज्ञापन में फर्जी मुकदमे को वापस लिए जाने और पार्टी नेता प्रमोद तिवारी और मोना मिश्रा के द्वारा दिए गए तहरीर पर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की गई।कार्यक्रम में आशीष कुमार मिश्रा पप्पू, रामलोटन बाबा, बरसाती लाल पंडा, तलत अजीम, शाहिद सिद्दीकी, मिसबाहउल ऐन, वेद प्रकाश पाण्डेय सत्यार्थी, गौरव पाण्डेय,अमित द्विवेदी आजाद एनएसयूआई, अंकुर शुक्ला, जितेंद्र शर्मा अनिल पांडेय

सचिन शुक्ला, कौशलेश द्विवेदी, नुरूतजमा, अल्कमा उस्मानी, श्रवण यादव, तौकीर, भागीरथी पटेल, विवेक माइकल, मो गुलाम, गुड्डू अरका, सफीक, जमाल आदिल, देशराज पटरिया, लालचंद, फैसल अली, रजनीश पांडेय, भारत गौतम, मथुरा दुबे, मकसूद कुरैशी, कमलाकांत, विनय पासी, रामाकांत त्रिपाठी, राजनरायण पासी, शशि प्रताप त्रिपाठी, उदय यादव सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद रहे।




धरना करते कांग्रेसी नेता

# समाजवादी छोड़ तमाम लोगों ने प्रसपा की ली सदस्यता

## लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष का जोरदार तरीके से हुआ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया की एक बैठक जनपद मुख्यालय में संपन्न हुई बैठक में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बुधराम यादव का माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है बुधराम यादव इसके पूर्व समाजवादी नेता के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे लेकिन समाजवादी पार्टी में घुटन महसूस होने से बुधराम यादव ने समाजवादी पार्टी छोड़ दी है सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम में बुधराम यादव के साथ समाजवादी पार्टी के तमाम नेताओं ने सपा में घुटन महसूस करते हुए समाजवादी पार्टी से त्यागपत्र देकर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया में सदस्यता ले ली है स्वागत समारोह के मौके पर बुधराम यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शिवपाल यादव पूर्व काबीना मंत्री के नेतृत्व में सरकार बनानी है और भाजपा सरकार को उत्तरप्रदेश से उखाड़ फेंकना है उन्होंने कहा कि सच्चे समाजवादियों का शिवपाल सिंह यादव के नेतृत्व में ही उनका सम्मान अधिकार सुरक्षित होगा। बताते चलें कि जब से बहुजन समाज पार्टी के कुछ कद्दावर नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं समाजवादी पार्टी में विघटन मच गया है बसपा से आए लोग अपनी मनमानी पर उतारू है और पुराने समाजवादी के निष्ठावान कार्यकर्ता पदाधिकारियों की लगातार उपेक्षा की जा रही है बेवजह की दखल पर रोक नहीं लगाई तो समाजवादी पार्टी का बिखराव तय है बुधराम यादव के स्वागत समारोह के दौरान नीलेश श्रीवास्तव आलोक यादव मुकेश यादव रामगुलाम राजेंद्र प्रसाद मान सिंह यादव बचाऊ लाल रमाकांत सुरेश चंद्र पंकज यादव अहमद अब्बास अंगद यादव मुकेश यादव रहे।

# पुलिस चौकी के नाक के नीचे हो गयी चोरी

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 11 स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय अझुवा प्रथम में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने अझुवा पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी सिंह ने कोतवाली सैनी में तहरीर देकर बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने कम्प्यूटर कक्ष के ऊपर लगे रोशनदान को तोड़कर खेल सामग्री बैट, गेंद शतरंज सहित अन्य खेल सामाग्री एवम कम्प्यूटर का प्रिंटर तोड़ते हुए मध्यान्ह भोजन का खाद्यान्न एक बोरी चावल उठा ले गए। पंखा सहित अन्य सामान ले जाने का चोरों ने प्रयास किया जिसमें वह सफल नही हो सके वहीं सूचना पर सोमवार की सुबह वार्ड सभासद प्रतिनिधि रवि कुमार वैश्य मौके पर पहुंचकर मामले की सूचना बगल में स्थित पुलिस चौकी से की है मौके पर पहुंची अझुवा पुलिस ने मामले की छानबीन कर चोरों को पकड़ने का प्रयास शुरू कर दिया है!!

वहीं नगर वासियों के अनुसार नगर पंचायत अझुवा में कई बड़ी चोरियां हुई हैं कई चौकी इंचार्ज आये और गए किसी चोरी का पुलिस खुलासा नही कर सकी है चाहे 17 मार्च 2021 की किराना गली में गोपी चंद्र केशरवानी के घर में हुई बड़ी चोरी जिसमे चोरों ने 18 लाख की नकदी सहित लाखों का जेवर पार कर दिया था जिम्मेदारों ने उस चोरी की घटना को भुला दिया है ऐसी ही तमाम चोरियां ,हीरो एजेंसी में कल पुर्जे सहित नकदी चोरी ,गेस्ट हाउस के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी,टाण्डा रोड में रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान में चोरी की घटना का खुलासा पुलिस नही कर सकी। चोरी के खुलासे में क्षेत्रीय पुलिस फिसड्डी साबित हो रही है।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा समान का दृश्य

## पान की गुमटी से हजारो रुपये चोरी

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत भरवारी नगर पालिका परिषद के बस स्टॉप भरवारी में रमेश केशरवानी की पान तथा कांफेन्सरी की दुकान है बीती रात्रि लगभग दस बजे दुकान बंदकर वह अपने घर चले गए सुबह जब उन्होंने दुकान खोली तो देखा कि गल्ले मे रखा हजारो रुपये के दस दस व पांच पांच के सिक्के गल्ले से गायब है दुकान मालिक रमेश ने बताया कि दुकान में शटर लगा था जिसमे एक छोटे से सुराख है जिसके सहारे सिक्के निकालकर गायब कर दिया गया इसके पहले भी इस क्षेत्र में चोरियां हो चुकी हैं और मुख्य क्षेत्र में चोरियां होना पुलिस की लापरवाही उजागर कर रहा है नगर वासियों का कहना है कि नगर क्षेत्र में पुलिस की गश्त बंद है जिससे घटनाओं को अंजाम देने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं।

# यातायात नियमों का करें पालन, वरना होगी कठोर कार्रवाई : त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस में वाहन चालकों को निर्देशित करते हुए यातायात निरीक्षक रविंद्र त्रिपाठी ने कहा कि वाहन चलाते समय वाहन चालक विशेष सावधानी बरतें और वाहन चालक यातायात द्वारा बनाए गए नियमों का कड़ाई से पालन करें उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करने में वाहन चालकों ने यदि लापरवाही की तो उन पर कठोर कार्यवाही पुलिस द्वारा की जाएगी उन्होंने कहा कि सड़क पर दुर्घटना रोकने के लिए वाहन चालकों का यातायात नियम का पालन करना आवश्यक है यातायात के नियमों के पालन में लापरवाही हुई तो सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती है। यातायात के नियमों के उल्लंघन पर वाहन चालकों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात प्रभारी रविन्द्र त्रिपाठी मय यातायात पुलिस उपनिरीक्षक धीरज जायसवाल एंव यातायात टीम द्वारा भैरव भीटी जीटी रोड महगांव सकाढा तिराहा मंझनपुर चौराहा ओसा चौराहा करारी चौराहा हिनौता आदि स्थानों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग यातायात पुलिस और उनके सहयोगियों द्वारा की गई चेकिंग के दौरान वाहनों पर लगी काली फिल्म बुलेट मोटरसाइकिल पर मोडिफाइड साइलेंसर वाहनों में प्रेशर हॉर्न एंव हूटर का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन कार्यवाही करते हुए यातायात पुलिस द्वारा 106 दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों का चालान किया गया तथा मौके पर छः वाहनों से 3000 रुपए जुमार्ना वसूल किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात के नियमो का पालन करने के निर्देश दिए गए।

# विद्युत विभाग से आवंटित ट्रांसफार्मर 20 दिन बाद भी नहीं पहुंचा गांव

## पेराई गांव में महीनों से जला ट्रांसफार्मर परेशान किसानों को अधिकारी नहीं दे रहे हैं सीधा जवाब

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के विद्युत कार्यालय चायल के अंतर्गत पेराई पावर हाउस में विद्युत व्यवस्था चौपट हो चुकी है जिससे इलाके के विद्युत उपभोक्ता और नलकूप संचालक परेशान हैं अधिशासी अभियंता विद्युत चायल के कार्यालय में सब कुछ मनमानी पर हो रहा है विधुत उपभोक्ता परेशान है उनकी सुनवाई करने वाला विभाग में कोई नहीं रह गया है। इलाके में विद्युत कटौती चरम पर है विद्युत तारका टूटना और विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद मनमानी तरीके से ट्रांसफार्मर बदले जाने से उपभोक्ता आजिज आ गए है। पेराई पावर हाउस अंतर्गत सेवढा ग्राम पंचायत में लगा ट्रांसफार्मर 01 सितंबर को जलकर खाक हो गया था मामले की शिकायत ग्रामीणों ने ऑनलाइन के साथ अधिकारियों से की जिस पर 10 सितंबर को ट्रांसफार्मर विभाग में आवंटित कर गांव भेज दिया है लेकिन ठेकेदार ने इस ट्रांसफार्मर को दूसरे गांव में लगा लिया या कहीं बेच दिया है। इस बात का खुलासा नहीं हो सका है लेकिन सेवढा गांव में बीते एक महीने से खराब ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा सका है विभाग अधिकारी कर्मचारी ठेकेदार मनमानी पर उतारू है। उपभोक्ताओं ने कहा कि विभाग से ट्रांसफार्मर आवंटन होने के बाद आखिर ठेकेदार ने उसे कहां बेच दिया है आवंटन को 20 दिन बीत जाने के बाद विभागीय अधिकारियों ने इस बात की जानकारी लेने का प्रयास नहीं किया है कि विद्युत ट्रांसफार्मर कहां गायब हो गया है जिससे विभागीय अधिकारियों की उदासीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है आखिर विभाग का ट्रांसफार्मर आवंटन होने के 20 दिन बाद भी मौके पर ना पहुंचने पर ठेकेदार के विरुद्ध अधिकारियों ने मुकदमा क्यों नहीं दर्ज किया है इस सवाल पर भी अधिशाषी अभियंता विद्युत चायल चुप्पी साध जाते हैं लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अधिशाषी अभियंता विद्युत कार्यालय की अव्यवस्था को सुधार कराने और आवंटन के बाद गायब ट्रांसफार्मर को खोजने के साथ ट्रांसफार्मर गायब करने वाले जिम्मेदारों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## दीवार में दबकर बच्ची की मौत पर 20 लाख मुआवजा दे सरकार : संतोष

**कौशाम्बी।** सिराथू विधानसभा के ग्राम भादवां में मकान की दीवार गिरने से एक बच्ची की मौत पर बसपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गौतम पीड़ित परिजनों के घर पहुंच कर मुलाकात की। बसपा नेता संतोष गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास दिए जाने की योजना केवल पार्टी के झूठे वादे तक सीमित है। आम जनता गरीब मजदूर लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिलते तो वह हादसे के शिकार नहीं होते उन्होंने भादवा गांव में बच्ची की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि बच्ची की मौत पर परिजनों को आवास निर्माण और मुआवजा के रूप में बीस लाख रुपए का मुआवजा दें वरना बसपा नेता बच्ची के परिजनों की मदद की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे बता दे कि कोखराज थाना अंतर्गत ग्राम भादवां निवासी आदर्श उर्फ कल्लू तिवारी पुत्र छोटे लाल तिवारी के कच्चे मकान की दिवार गिरने से दीवार की चपेट में आ गए और दीवार के मलवे में बच्चे दब गये जिससे कल्लू तिवारी की पुत्री अशी तिवारी की मौके पर मौत हो गई तथा तीन बच्चों की हालत गंभीर है।

# भैंस चोरों के आतंक से किसान पशुपालक परेशान

## इलाके में आए दिन होती है भैंस चोरी पुलिस बनी मूकदर्शक, बीती रात भैंस चोर को वाहन समेत ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा 18 घंटे बीत जाने के बाद आरोपियों पर पुलिस ने नहीं की कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले में भैंस चोरों के आतंक से किसान पशुपालक परेशान है भैस चोर पुलिस के लोगों के बीच उठते बैठते वातार्लाप करते देखे सुने जाते हैं भैस चोरों से पुलिस के क्या रिश्ते हैं यह जन-जन की जुबान में है इलाके में आए दिन भैंस चोरी की घटनाएं हो जाती है पशुपालक और किसान शिकायती पत्र लेकर पुलिस थानों का चक्कर लगाते रहते हैं लेकिन भैंस चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस फिसड्डी साबित होती है जिससे पशुपालकों किसानों के साथ हो रही घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है करारी थाना क्षेत्र पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र मंझनपुर थाना क्षेत्र और कोखराज थाना क्षेत्र भैंस चोरों का मुफीद अड्डा बन चुका है कुछ महीने की बात करें तो इलाके में सैकड़ों पशुओं की चोरी हो चुकी है किसी मामले का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीराबाद गांव से इंद्र बहादुर सिंह सिंगरौर की भैंस 19 सितंबर को गिरोह के सदस्य उठा ले गए इसी थाना क्षेत्र के कंधई लाल सरोज की भैस बीते महीने चोर उठा ले गए कादीपुर गांव निवासी फूल चंद्र पाल की बीते महीने घर के बाहर से तीन भैस चोर उठा ले गए पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अषाढा से किशनलाल की भैंस भी बीते महीने चोर ले गए इसी थाना क्षेत्र के अंबावा पूरब गांव के वीरेंद्र कुमार सरोज की भैंस चोर उठा ले गए यह तो कुछ घटनाओं का उदाहरण है इलाके में तमाम घटनाएं भैंस चोरी की हुई लेकिन पुलिस किसी मामले का खुलासा नहीं कर सकी बीती रात भैंस चोर गिरोह के सदस्य एक गांव में भैंस चोरी करने गए थे जिस पर पशुपालक आहट पाकर जाग गए और घर के बाहर बंधी भैंस को खोल कर ले जाते वक्त गिरोह के चार सदस्यों को ग्रामीणों ने पीछा कर एक किलोमीटर दूर चीनी मिल के पास चोरी के भैस के साथ पकड़ लिया पकड़े गए आरोपियों के वाहन नंबर यूपी 73 ए 8352 को भी ग्रामीणों ने रोक लिया और मामले की सूचना पुलिस को दिया ग्रामीणों ने आरोपियों और उनके वाहनों को पकड़कर मंझनपुर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया लेकिन सोमवार की आधी रात को मामले का खुलासा कर पुलिस को सौंपने वाले इस मामले में 18 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने भैंस चोर गिरोह के सदस्यों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल नहीं भेजा है आखिर पुलिस चोर को जेल भेजने में क्यों हीलाहवाली कर रही है चोरों के पकड़े जाने के बाद इलाके में उनकी सिफारिश करने वालों के फोन घनघनाने लगे हैं कई नेता थाने सिफारिश लेकर पहुंच गए हैं इन चोरों को छोड़ दिया जाए भैंस चोर गिरोह के सदस्यों के ग्रामीणों द्वारा पकड़े जाने की जानकारी मिलने के बाद इलाके में जिन पशुपालकों की भैंस चोरी हुई हैं पीड़ित तमाम किसान मंझनपुर कोतवाली पहुंच गए हैं भैंस चोरी की घटना में पुलिस की लापरवाही से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं इस मामले को पुलिस गंभीरता से नहीं ले रही है या इसके पीछे पुलिस का कुछ और राज है यह बड़ी जांच का विषय है और पुलिस आला अधिकारियों ने इस मामले में जांच कराई तो चौकाने वाले परिणाम सामने होंगे।

## सम्पादकीय

# और अब हेल्थ आईडी

याद किया जा सकता है कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत में भी तरह-तरह के सवाल खड़े किए गए थे। इन्हीं सवालों के प्रभाव में कई राज्य सरकारों ने उसे अपनाने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उनके यहां पहले से ही दूसरी स्वास्थ्य योजनाएं चल रही हैं, जिनसे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना की तीसरी वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के रूप में एक और महत्वाकांक्षी पहल की। इस योजना के जरिए पूरे देश के अस्पतालों के डिजिटल हेल्थ सॉल्यूशंस को एक-दूसरे से जोड़े जाने का इरादा है। हर व्यक्ति का एक डिजिटल हेल्थ आईडी होगा, जिसके माध्यम से उसका हेल्थ रेकॉर्ड डिजिटली सुरक्षित रखा जाएगा। मोबाइल ऐप के सहारे कभी भी डिजिटल हेल्थ रेकॉर्ड तक पहुंचना संभव होगा। इसका मतलब यह हुआ कि हर व्यक्ति के लिए अपने स्वास्थ्य से संबंधित रेकॉर्ड को सुरक्षित रखने और डॉक्टर के पास जाने से पहले तमाम रिपोर्ट्स की कॉपी करवाकर साथ ले जाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। इस समय सोच कर भले यह कुछ अनोखी सी बात लग रही हो, लेकिन तकनीक ने बिल पेमेंट और कैश ट्रांसफर जैसे कार्यों को आसान बनाकर हमारी जिंदगी में जिस तरह का गुणात्मक बदलाव किया है, हेल्थ के क्षेत्र में कुछ ऐसा ही युगांतरकारी बदलाव इस नई मुहिम से भी आ सकता है। हालांकि हर नई योजना अपने साथ कई तरह के सवाल और चुनौतियां लेकर आती है। इस योजना में डेटा प्राइवेसी और डेटा सुरक्षित रखने जैसे सवाल हैं। मगर एक अच्छी बात यह है कि आयुष्मान भारत योजना का तीन साल का अनुभव लोगों को इस बात के लिए प्रेरित करेगा कि सवाल उठाने और आशंकाएं व्यक्त करने से पहले यह देखा जाए कि इसे जमीन पर उतारने की प्रक्रिया किस तरह से आगे बढ़ती है और उसके नतीजे किस रूप में सामने आते हैं।

याद किया जा सकता है कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत में भी तरह-तरह के सवाल खड़े किए गए थे। इन्हीं सवालों के प्रभाव में कई राज्य सरकारों ने उसे अपनाने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उनके यहां पहले से ही दूसरी स्वास्थ्य योजनाएं चल रही हैं, जिनसे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। बाद में तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों ने अपनी पहले से जारी योजनाओं को बरकरार रखते हुए भी आयुष्मान भारत योजना को अपनाने का फैसला किया, जो निश्चित रूप से इसकी कामयाबी का ठोस सबूत है। हालांकि इसका यह मतलब नहीं कि इस योजना में कोई कमी नहीं है। जानकारों के पास उन छोटे-छोटे उपायों की लंबी सूची है, जिन्हें अपनाकर आयुष्मान भारत योजना को व्यवहार में ज्यादा उपयोगी बनाया जा सकता है।

# मार्केट ने बढ़ाई निवेशकों की उलझन

**मधुरेन्द्र सिन्हा**

इस समय भारत ही नहीं, कई देशों के शेयर बाजार बुलंदियों पर हैं। हर दिन नया रेकॉर्ड। सिर्फ एक साल में ही बंबई शेयर बाजार का सूचकांक यानी सेंसेक्स 13 हजार से भी ज्यादा अंक बढ़कर 60,000 की रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। छह साल पहले यह 30,000 पर था। जिन निवेशकों ने एक साल या उससे पहले पैसे लगाए थे, उनमें से ज्यादातर इस समय मालामाल हो चुके हैं। एक्सपर्ट्स दबी जुबान में ऐसी तेजी की बातें तो कह रहे थे, लेकिन उनमें से कोई भी आश्वस्त नहीं था कि बाजार यहां तक पहुंचेगा। आज हालत यह है कि कई कंपनियों के शेयर दोगुने से भी ज्यादा बढ़ चुके हैं।

इस बाजार ने सभी को कुछ न कुछ दिया जरूर है। भले ही अभी कुछ दिनों से मिड कैप के शेयर सुस्त पड़े हैं, लेकिन किसी समय निवेशकों ने उनमें भी चांदी काटी है। यानी माहौल कमाई का है और शेयर बाजार में बड़े-छोटे, देशी-विदेशी निवेशक लगातार आ रहे हैं। पैसे का प्रवाह जिसे लिक्विडिटी कहते हैं, बढ़ता ही जा रहा है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि सारी दुनिया में ब्याज दरें सबसे कम स्तर पर हैं। अमेरिका-यूरोप में तो ब्याज दरें शून्य या माइनस में ही हैं। विदेशी निवेशकों यानी एफआईआई के लिए यह एक बढ़िया मौका रहा है। उन्होंने बड़े पैमाने पर निवेश किया है और करते ही जा रहे हैं। लगातार तीसरे साल में भी विदेशी निवेशकों ने 9 अरब डॉलर निवेश कर दिया है। वह यहां से कमा भी रहे हैं और लगा भी रहे हैं। उनके पास डॉलर की कोई कमी नहीं है और वे दुनिया भर के उभरते बाजारों पर नजरें गड़ाए हुए हैं। निवेश का कोई मौका वे जाने नहीं दे रहे। विदेशी एक्सपर्ट भारतीय शेयर बाजार को अभी महत्व दे रहे हैं। यह बात अलग है कि वे अचानक कब गायब हो जाएं, उसका पता नहीं। लेकिन अभी इसके आसार नहीं दिख रहे। अभी तो तेजी की गंगा बह रही है।

भारत में भी ब्याज दरें काफी कम हो गई हैं। बैंक तो तीन-साढ़े तीन परसेंट तक ही ब्याज दे रहे हैं। स्मॉल सेविंग्स की तमाम योजनाओं में अब काफी कम रिटर्न मिलने लगा है। रियल एस्टेट मंदी और ओवर सप्लाई के दौर से गुजर रहा है। सोने में भारी तेजी आई थी, हालांकि अब इसकी चमक थोड़ी धीमी पड़ी है। असल में कोरोना महामारी के कारण लोग घरों में बंद हो गए और उनके पास अतिरिक्त आय का कोई जरिया नहीं रहा। ऐसे में शेयर बाजार उनके काम आया। इसका नतीजा हुआ कि इसमें देसी निवेशकों की बाढ़ आ गई। आज म्युचुअल फंडों और सिप के माध्यम से निवेशक बड़े पैमाने पर बाजार में पैसे लगा रहे हैं और उनमें लगभग 70 प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जिन्होंने पहले स्टॉक मार्केट में कभी निवेश नहीं किया था। उधर, डीमैट अकाउंट खोलना आसान बनाकर सेबी ने भी लोगों को इस ओर आकर्षित किया है।

इस साल ही नहीं पिछले साल भी लाखों नए डीमैट अकाउंट खुले हैं। सेबी के ही आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल अप्रैल से इस साल जनवरी तक एक करोड़ से भी ज्यादा डीमैट अकाउंट खुले। इस समय देश में सात करोड़ से भी ज्यादा डीमैट अकांउट खोले जा चुके हैं। नई टेक्नलॉजी और ऐप ने निवेश करना एकदम आसान बना दिया है। अब नए निवेशक लगातार पैसे लगा रहे हैं सीधे भी और म्युचुअल फंडों के जरिये भी। म्युचुअल फंड इंडस्ट्री अपने स्लोगन 'म्युचुअल फंड सही है' से लोगों को इस ओर आकर्षित करने में सफल हो रही है। आंकड़े बताते हैं कि शेयर बाजारों में बड़े पैमाने पर निवेश इनके जरिये ही हो रहा है। वैसे तो पहले कहा जाता था कि शेयर बाजार इकॉनमी का आईना होता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में सेंसेक्स और निफ्टी ने जैसी छलांग लगाई है उससे यह बात गलत ही साबित हो रही है। कंपनियों के परिणाम बेशक अब अच्छे आ रहे हैं, लेकिन उनके शेयर बहुत गर्म हो गए हैं। इनमें से कइयों का पीई रेश्यो काफी बढ़ चुका है, जो किसी शेयर के वैल्यूएशन का पता लगाने का एक पैमाना है। जीडीपी में जितनी बढ़ोतरी नहीं हुई, उससे कहीं ज्यादा शेयरों में तेजी आई है। मार्केट कैप और जीडीपी का अनुपात 130 प्रतिशत को पार कर गया है।

बाजार इकॉनमी से कहीं आगे निकल गया है और यह चिंता का विषय है क्योंकि यह बता रहा है कि सेंसेक्स और निफ्टी अब ठोस जमीन पर नहीं खड़े हैं। ये कंपनियों के तीन साल आगे होने वाली कमाई को मानकर अभी से चल रहे हैं। ऊंचे वैल्यूएशन के अपने खतरे हैं और ऐसे में बाजार के धराशायी होने की आशंका बढ़ जाती है। अब हमारा शेयर बाजार उस ओर इशारा कर रहा है। मतलब साफ है कि तेजी से भागते बाजार में कभी भी ब्रेक लग सकता है और यह कभी भी गिर सकता है। यह गिरावट 10 से 25 प्रतिशत तक की हो सकती है। और इसके लिए निवेशकों को तैयार रहना चाहिए। अगर बाजार धड़ाम होता है तो एक बार हाहाकार मचेगा ही। लेकिन वैसे में एक बात याद रखनी होगी कि गिरावट हमेशा फिर से तेजी की नींव तैयार भी करती है।

# भारत में महिला जजों की कमी

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत के मुख्य न्यायाधीश न.व. रमन ने पिछले हफ्ते भारत की न्याय व्यवस्था को भारतीय भाषाओं में चलाने की वकालत की थी, इस हफ्ते उन्होंने एक और कमाल की बात कह दी है। उन्होंने भारत की अदालतों में महिला जजों की कमी पर राष्ट्र का ध्यान खींचा है। उन्होंने कहा है कि भारत के सभी न्यायालयों के जजों में महिलाओं की 50 प्रतिशत नियुक्ति क्यों नहीं होती ? देश में कानून की पढ़ाई में महिलाओं को क्यों नहीं प्रोत्साहित किया जाता ? महिला वकीलों की संख्या पुरुष वकीलों के मुकाबले इतनी कम क्यों है ? उनकी राय है कि देश की न्याय व्यवस्था में महिलाओं की यह कमी इसलिए है कि हजारों वर्षों से उन्हें दबाया गया है। न्यायमूर्ति रमन ने मांग की है कि राज्य सरकारें और केंद्र सरकार इस गलती को सुधारने पर तुरंत ध्यान दें। यदि भारत के नेताओं और लोगों को यह बात ठीक से समझ में आ जाए तो हमारी अदालतों की शक्ल ही बदल जाएगी। सबसे पहले हम यह समझें कि आंकड़े क्या कहते हैं। हमारे सर्वोच्च न्यायालय में इस समय 34 जज हैं। उनमें से सिर्फ चार महिलाएं हैं। अभी तक सिर्फ 11 महिलाएं इस अदालत में जज बन सकी हैं। छोटी अदालतों में महिला जजों की संख्या ज्यादा है लेकिन वह भी 30 प्रतिशत से ज्यादा नहीं है। इस समय देश की अदालतों में कुल मिलाकर 677 जज हैं। इनमें से महिला जज सिर्फ 81 हैं याने सिर्फ 12 प्रतिशत ! प्रदेशों के उच्च न्यायालयों में 1098 जज होने चाहिए लेकिन 465 पद खाली पड़े हैं। इन पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता क्यों नहीं दी जाती ? प्राथमिकता देने का यह अर्थ कतई नहीं है कि अयोग्य को भी योग्य मान लिया जाए। महिलाओं को या किसी को भी जो 50 प्रतिशत आरक्षण मिले, उसमें योग्यता की शर्त अनिवार्य होनी चाहिए। देश के वकीलों में सुयोग्य महिलाओं की कमी नहीं होगी लेकिन दुर्भाग्य है कि देश के 17 लाख वकीलों में मुश्किल से 15 प्रतिशत महिलाएं हैं। राज्यों के वकील संघों में उनकी सदस्यता सिर्फ दो प्रतिशत है और भारत की बार कौंसिल में एक भी महिला नहीं है।देश में कुल मिलाकर 60 हजार अदालतें हैं लेकिन लगभग 15 हजार में महिलाओं के लिए शौचालय नहीं हैं। हमारे इस पुरुष प्रधान देश की तुलना जरा हम करें, यूरोप के देश आइसलैंड से ! वहाँ कल हुए संसद के चुनाव में 63 सांसदों में 33 महिलाएँ चुनी गई हैं याने 52 प्रतिशत। वहां की प्रधानमंत्री भी महिला ही हैं- श्रीमती केटरीन जेकबस्डोटिर। उसके पड़ोसी देश स्वीडन की संसद में 47 प्रतिशत महिलाएँ हैं और अफ्रीका के रवांडा में 61 प्रतिशत हैं। दुनिया के कई छोटे-मोटे और पिछड़े हुए देशों में भी उनकी संसद में भारत के मुकाबले ज्यादा महिलाएँ हैं। भारत गर्व कर सकता है कि उसके राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष पद पर महिलाएं रह चुकी हैं लेकिन देश के मंत्रिमंडलों, संसद और अदालतों में महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व मिले, यह आवाज अब जोरों से उठनी चाहिए। इस स्त्री-पुरुष समता का समारंभ हमारे राजनीतिक दल ही क्यों नहीं करते ?

# चीन पर नकेल कसेगा क्वाड

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय और क्षेत्रीय दृष्टि से उपयोगी साबित हुई। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया। यहां चीन और पाकिस्तान जैसे देश भी उपस्थित थे जो दुनिया को समस्याएं तो दे सकते है, लेकिन किसी समस्या का समाधान उनके पास नहीं है। चीन तो जिस देश की समस्या सुलझाने के नाम पर हस्तक्षेप करता है, उसी को अपने जाल में फंसा लेता है। ऐसा उसने अपने परम मित्र पाकिस्तान के साथ भी किया है। पाकिस्तान उसके ऋण जाल में ऐसा उलझा है कि उससे निकलने का कोई रास्ता ही नहीं बचा है। अफगानिस्तान में तालिबान को सहायता देकर चीन ने वहां के प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण जमाने का प्रयास किया है। श्रीलंका को सहायता दी तो कोलंबो में हस्तक्षेप करने लगा। श्रीलंका सरकार ने इसे समय रहते समझ लिया। उसने चीन के साथ चल रहे सहयोग से किनारा कर लिया। नेपाल को सहायता दी तो कम्युनिस्ट पार्टी के माध्यम से वहां भी नियंत्रण का काम किया। विडंबना यह कि विस्तारवादी मानसिकता से ग्रसित चीन संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है। इसके भरोसे दुनिया में शांति स्थापित करने का सिद्धांत बनाया गया। व्यवहार में इसका उल्टा हो रहा है। इसके अलावा विकसित देशों ने अपनी उपभोगवादी सभ्यता को विकास का आधार बनाया। इसके लिए प्राकृतिक संसाधनों को बेहिसाब दोहन किया गया। विकास तो हुआ। लेकिन पर्यावरण संकट खतरे के बिंदु से ऊपर निकलने लगा। इस संकट से निकलने का पश्चिमी देशों के पास कोई समाधान नहीं है। लेकिन मानव के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए समाधान तो ढूंढना पड़ेगा। इसका एक मात्र समाधान भारतीय चिंतन में है। जिसमें कामना की गयी है- हमारे ऋषियों ने यह नहीं कहा कि केवल भारत में रहने वाले सुखी रहें, या केवल हिन्दू सुखी रहें। बल्कि पृथ्वी पर रहने वाले सभी लोग सुखी रहें। ऐसा चिंतन किसी अन्य सभ्यता में नहीं है। इसी प्रकार हमारे ऋषियों ने पृथ्वी सूक्ति की रचना की। जिसमें प्रकृति को दिव्य मान कर प्रणाम किया गया। उसके संरक्षण व संवर्धन का सन्देश दिया गया। आज दुनिया में पर्यावरण का जो संकट है,उसका समाधान भारतीय ऋषियों के पृथ्वी सूक्त के माध्यम से ही किया जा सकता है। दुनिया ने इन भारतीय विचारों पर पहले अमल किया होता तो आज पर्यावरण और आतंकवाद का संकट पैदा ही नहीं होता।

नरेंद्र मोदी ने अमेरिका में अपने अनेक कार्यक्रमों के मध्यम से दुनिया की वर्तमान समस्याओं को उठाया। साथ ही उनका समाधान भी बताया। इस विचार पर चलने से पहले चीन और पाकिस्तान जैसे देशों पर नकेल कसना जरूरी है। अमेरिका में आयोजित क्वाड समूह की बैठक का यही उद्देश्य था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसके लिए नरेंद्र मोदी को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया था। क्वाड देशों की यह पहली बैठक व्हाइट हाउस में हुई। इसमें नरेंद्र मोदी के अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री योशिहिडे सुगा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन भी शामिल हुए। इस बैठक में चीन पर नकेल कसने के मंसूबा दिखाई दिया। क्वाड समूह चीन की घेरने की रणनीति के तहत बनाया गया है। वहीं चीन की दूसरी तरफ से घेराबंदी के लिए ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका ने बीते दिनों एक त्रिपक्षीय सुरक्षा समझौते का एलान किया था। इसे ऑकस नाम दिया गया है। क्वाड और ऑकस के उद्देश्य अलग हैं। क्वाड का गठन हिंद प्रशांत क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने के लिए किया गया है। जबकि ऑकस तीन देशों के बीच सुरक्षा गठबंधन है। हिंद महासागर में सुनामी के बाद भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने आपदा राहत प्रयासों में सहयोग करने के लिए एक अनौपचारिक गठबंधन बनाया था। चीन की हरकत बढ़ने पर चारों देशों ने क्वाड को पुनर्जीवित किया। इसके उद्देश्यों को व्यापक बनाया। इसके तहत एक ऐसे तंत्र का निर्माण किया जिसका उद्देश्य एक नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था स्थापित करना है। चारों देश एशिया प्रशांत क्षेत्र में चीन को रोकने का काम करेंगे। जापान और भारत ने क्वाड बनाने की पहल की थी। बाइडेन ने कहा कि इस संगठन में वही लोकतांत्रिक देश आमंत्रित किये गए है,जो पूरी दुनिया के लिए समावेशी सोच रखते हैं। जिनका भविष्य के लिए एक विजन है। सभी साथ मिलकर आने वाली चुनौतियों से निपटने की तैयारी करेंगे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना से लड़ रही है तब फिर दुनिया की भलाई के लिए क्वाड सक्रिय हुआ है। उन्होंने क्वाड से संबंधित भविष्य की रणनीति को रेखांकित किया। भारत क्वाड वैक्सीन इनिशिएटिव इंडो पैसेफिक देशों की सहायता करेगा। सदस्य देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्य है। इस आधार पर क्वाड ने पॉजिटिव सोच, पॉजिटिव अप्रोच के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। सप्लाई चेन, वैश्विक सुरक्षा क्लाइमेट एक्शन, कोविड रिस्पांस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाया जाएगा।अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने भारत के सहयोग को सराहनीय बताया। कहा कि वैश्विक आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए भारत में वैक्सीन की अतिरिक्त एक बिलियन डोज उत्पादन के प्रयास किये जा रहे है। जापान के प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा ने कहा कि क्वाड के ये सभी चार देश मौलिक अधिकारों में विश्वास करते हैं। यह मानते हैं कि इंडो पैसिफिक को स्वतंत्र और खुला होना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने स्वतंत्र और खुले हिंद प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया। इससे एक मजबूत और समृद्ध क्षेत्र का निर्माण होगा।इसके अलावा नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल कोविड समिट में संदेश दिया। कहा कि कोरोनाकाल में भारत ने डेढ़ सौ से ज्यादा देशों की मदद की और 95 देशों तक भारत में बनी कोरोना वैक्सीन पहुंचाई। दूसरी लहर के दौरान भारत का सहयोग करने वाले देशों के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। कहा कि वैक्सीन सर्टिफिकेट को मान्यता देकर अंतरराष्ट्रीय यात्रा को आसान बनाया जाए। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा के साथ नरेंद्र मोदी की द्विपक्षीय बैठक भी हुई। जिसमें द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति हुई। नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शांति सौहार्द का सन्देश दिया। कहा कि आतंकवाद के संरक्षक मुल्कों को भी समझना होगा कि यह उनके लिए भी उतना ही बड़ा खतरा है। अफगानिस्तान पर सतर्क रहने की जरूरत है। यह देखना होगा कि कोई भी देश वहां की नाजुक स्थितियों का अपने स्वार्थ के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल ना करे।जाहिर है कि भारत ने दुनिया को कल्याण का मार्ग दिखाया है। नरेंद्र मोदी का संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा में संबोधन इसी विचार के अनुरूप था। संकुचित व असहिष्णु विचारों ने दुनिया में अनेक समस्याओं को जन्म दिया है। आतंकवाद का विस्तार इसका प्रमाण है। जबकि परस्पर सहयोग से अनेक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। कुछ समय पहले ही भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष निर्वाचित हुआ है। यह बात अलग है कि सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी देशों को वीटो पावर हासिल है। भारत इसका स्थायी सदस्य नहीं है। लेकिन विश्व को शांति सौहार्द व सहयोग का सन्देश भारत की तरफ से मिल रहा है।

अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद को संबोधित किया है। नरेंद्र मोदी के विचार मानव कल्याण के मार्गदर्शक के रूप में रहे। नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता के लिए खतरा बताया। आतंक के कारण दुनिया के अनेक क्षेत्रों में हिंसा का माहौल है। अफगानिस्तान में तो आतंकियों के वर्चस्व वाली सरकार है। विश्व शांति के लिए ही संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई थी। इसका उद्देश्य शांति सौहार्द व सहयोग कायम करना था। इसमें में सुरक्षा परिषद का गठन किया गया। जैसा नाम से स्पष्ट है कि सुरक्षा सुनिश्चित करने की विशेष जिम्मेदारी इसकी है। इसके लिए पांच महाशक्तियों को वीटो पावर दिया गया। अनेक मसलों पर इसने अपनी जिम्मेदारी का समुचित निर्वाह नहीं किया। अफगानिस्तान इसकी मिसाल है। अनेक देशों की सहायता से ही तालिबान मजबूत हुआ। तालिबान को वीटो पावर धारी चीन, रूस और पाकिस्तान की सहायता मिलती रही। जब तक नाटो की सेनाएं अफगानिस्तान में रही, तालिबान को सिर उठाने का मौका नहीं मिला। जैसे ही नाटो सैनिकों की वापसी शुरू हुई, अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जा हो गया। अफगानिस्तान की आधिकारिक सेना उसके सामने टिक नहीं सकी। बीस वर्षों की कवायद कुछ दिनों में नाकाम हो गई। बिडंबना देखिए तालिबान की हुकूमत उनकी कमान में है जिन्हें संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मोस्ट वांटेड इस्लामी आतंकी घोषित किया गया था। नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को मदर आफ डेमोक्रेसी का गौरव हासिल है। लोकतंत्र की हमारी हजारों वर्षों की महान परंपरा रही है। विविधता में एकता भारत की विरासत है। भारत वाइब्रेंट डेमोक्रेसी का बेहतरीन उदाहरण है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने और आतंकी हमलों के लिए नहीं होना चाहिए। इसे सुनिश्चित करना होगा।

# जातियों की साधना में सियासी लामबंदी?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक जुमला खूब चलता है कहते हैं 'दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से गुजरता है'। देश के सबसे बड़े राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। नतीजा राज्य की सियासत गर्म हो गई है। राजनीतिक दल और सरकारें अपने विकास को भूल कर जातिवाद का भजन करने लगी हैं। अभी तक जो सरकार विकास की उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती थी वह जाति पर आकर अटक गई है। राज्य विधानसभा का चुनाव पूरी तरह जातिवाद पर लड़ा जाएगा। विकास सिर्फ मंचीय होगा। सत्ता में मौजूद योगी सरकार को अपने विकास पर भरोसा नहीं है। चुनाव की गोंट फीट करने के लिए जातियों पर दांव लगाया जा रहा। राज्य के मंत्रिमंडल विस्तार में यह बात साफ हो गयी है। राज्य की सत्ता में दोबारा वापसी के लिए भारतीय जनता पार्टी जहां ओबीसी पर अपनी निगाहें गड़ाए है। वहीं समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ब्राह्मणों का गुणगान करने में लगी हैं। बहुजन समाज पार्टी जगह-जगह ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित कर ब्राह्मणों को अपने पाले में करना चाहती है। क्योंकि 2007 में मायावती के सत्ता वापसी के मूल में ब्राह्मण ही था। बसपा राज्य में दलित उत्पीड़न के फर्जी मुकदमों से परेशान होकर अगड़ी जातियां समाजवादी पार्टी के पाले में चली गयीं जिसके बाद अखिलेश यादव की सरकार बनी। अखिलेश यादव सत्ता में दोबारा वापसी के लिए ब्राह्मणों को सिर आंखों पर बिठना चाहते हैं। वह अपनी जनसभाओं में परशुराम का मंदिर बनवाने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में भी रूपाणी युग के अंत के बाद पटेलों पर अधिक भरोसा जताया गया है। यहां भी विकास पर भरोसा कम जातियों पर अधिक दांव लगा है। यहाँ भी आम चुनाव होने हैं। सरकार में पटेल जातियों से सबसे अधिक मंत्रियों को तवज्जो दी गई है। पंजाब में चरणजीत चन्नी को मुख्यमंत्री बनाकर दलितों को साधने की कोशिश यह बताती है कि राजनीतिक दलों को अपने काम पर कम जातियों पर अधिक भरोसा है।

उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात और दूसरे राज्यों का चुनाव करीब होने से राजनीतिक हलकों में जातिगत जनगणना का मुद्दा खूब चल रहा है। पिछड़े वर्ग के राजनेता दलीय प्रतिबद्धता को ताक पर रखकर जातिय जनगणना का राग अलाप रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार तैयार नहीं दिखती है।यूपी की योगी सरकार सबसे अधिक दांव पिछड़ों पर लगा रहीं है। अगड़ी जातियों को लेकर वह अधिक संवेदनशील नहीं दिखती है। क्योंकि उसे मालूम है कि राज्य की अगड़ी जातियां भाजपा छोड़कर अन्यत्र नहीं जानेवाली हैं। लेकिन अगड़ी जातियों में नाराजगी से इनकार नहीं किया जा सकता है। आरक्षण और पिछड़ों को अधिक सम्मान वह कितना पचा पाएगा यह वक्त बताएगा। मंत्रिमंडल विस्तार में पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी को साधने की पूरी कोशिश की गई है। ओबीसी और दलित चेहरों को शामिल किया गया है। जितिन प्रसाद एक मात्र चेहरे हैं जिन्हे कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में जिन लोगों को राज्यमंत्री बनाया गया है उनकी कोई विशेष राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं दिखती है। जितिन प्रसाद को छोड़ बाकि ऐसे चेहरे हैं जो चुनावी गणित साधने के लिए पहली बार मंत्री बनाए गए हैं।

उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार सिर्फ जातिय गणित साधने की कोशिश है। क्योंकि चुनाव में अब बहुत अधिक वक्त नहीं रह गया है। नए चेहरों के पास अभी सरकार और मंत्रालय संभालने का कोई अनुभव नहीं है। इसलिए विकास में इनकी कोई भूमिका नहीं हो सकती है। अब जातियों को साधने में नए मंत्री कितना कामयाब होंगे यह तो भविष्य बताएगा। जितिन प्रसाद ही सिर्फ ऐसे राजनेता है जो हैसियत वाले हैं। राजनीति का उन्हें अच्छा-खासा अनुभव है। वह कांग्रेस संस्कृत के राजनेता रहे हैं हाल में पार्टी को छोड़कर वह भाजपा में आए हैं। उनके पिता भी कांग्रेस में केंद्रीय मंत्री थे। प्रसाद का पश्चिमी यूपी के रुहेलखंड में अपना आधिपत्य है। 2004 में शाहजहांपुर से वह पहली बार सांसद बने। 2009 में वह धौराहरा संसदीय सीट से सांसद चुने गए। 2008 में कांग्रेस सरकार में इस्पात मंत्री बनाए गए। जितिन प्रसाद सोनिया गांधी के खिलाफ पार्टी अध्यक्ष का चुनाव भी लड़ा था। अब देखना होगा कि प्रसाद राज्य के ब्राह्मणों को चुनावी नजरिए से साधने में कितने सफल होते हैं। उत्तर प्रदेश में हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल सात लोगों को शामिल किया गया है। जिसमें जितिन प्रसाद के साथ पूर्वांचल के गाजीपुर से संगीता बिंद, सोनभद्र से संजय गोंड को मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल किया गया है। निषाद और दलित जातियों को साधने के लिए इन लोगों को मंत्री बनाया गया है। जबकि पश्चिमी यूपी से सबसे अधिक पांच चेहरों को शामिल किया गया है। इसमें प्रमुख रूप से जितिन प्रसाद को कैबिनेट मंत्री बताएगा बनाया गया है। आगरा से धर्मवीर प्रजापति, बलरामपुर से पलटूराम, बरेली से छत्रपाल गंगवार, मेरठ से दिनेश खटीक को शामिल किया गया है। पश्चिमी यूपी में किसान आंदोलन को देखते हुए मंत्रिमंडल विस्तार काफी अहम माना जा रहा है। यही कारण है कि पश्चिमी से सबसे अधिक चेहरों को जगह मिली है। उत्तर प्रदेश में पिछड़े व ग के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक तकरीबन 40 फीसदी है। सवर्ण जातियां 20 फीसदी के आसपास हैं। राज्य में ब्राम्हण 10 से 12 फीसदी है। यादव 12 फ़ीसदी जबकि कुर्मी और अन्य पिछड़ी जातियां 8 फीसदी के करीब हैं। जाट और मल्लाह 5 फीसदी हैं। 18 फिसदी मुस्लिम और 25 फीसदी के आसपास दलित जातियां हैं। 2017 के राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को पिछड़े वर्गों का अधिक समर्थन मिला था। राज्य में यादव समाजवादी पार्टी का जबकि दलित बहुजन समाज पार्टी का परम्परागत वोटर रहा है। राज्य सरकार पिछड़ी और दलितों में जो उपजातियां हैं उन्हें अपने पाले में लाने की भरपूर कोशिश कर रही है। लेकिन डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें से आम लोग परेशान हैं बेगारी भी अहम मुद्दा है।योगी सरकार दोबारा सत्ता में वापसी के लिए हर कदम उठा रहीं है। राज्य में निषाद और बिंद जातियों को पाले में करने के लिए निषाद पार्टी के साथ विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। निषाद पार्टी के संजय निषाद इसकी घोषणा कर चुके हैं। पूर्वांचल में पटेल और कुर्मी जातियों पर अच्छी पकड़ होने की वजह अनुप्रिया पटेल को केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया। उधर अससुदुद्दीन ओवैसी मुस्लिम मतों के ध्रुवीकरण करने में जोर-शोर से लगे हैं। अगर वह कामयाब होते हैं तो इसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। हालांकि मुसलमान बेहद चालाक है। क्योंकि वह भाजपा को रोकने के लिए पूरी कोशिश करता है। इस लिहाज से वह ओवैसी के साथ कितना खड़ा होगा अभी यह कहना मुश्किल है।



## जीत की पटरी पर लौटी मुंबई, सौरभ-हार्दिक के दम पर पंजाब को 6 विकेट से पीटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के 42वें मैच में मंगलवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए पंजाब को 6 विकेट पर 135 रनों पर रोक दिया और फिर चार विकेट खोकर 19 ओवर में मैच जीत लिया। मुंबई के लिए सौरभ तिवारी ने सर्वाधिक 45, क्विंटन डीकॉक ने 27, हार्दिक पांड्या ने नाबाद 40 रन बनाए। पंजाब के लिए रवि बिश्ननोई ने दो और मोहम्मद शमी तथा नेथन एलिस ने एक-एक विकेट लिए। मुंबई की 11 मैचों में यह पांचवीं जीत है और अब वह तालिका में पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। पंजाब को 11 मैचों में सातवीं हार मिली है।

# कीरोन पोलार्ड ने रच दिया नया इतिहास, ऐसा करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 के 42वें मैच में इस समय पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच घमासान जारी है। अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। उनका यह फैसला सही साबित हुआ और स्टार बल्लेबाजों से सजी पंजाब ने 50 रन से पहले ही अपने चार प्रमुख बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। पंजाब को इस मुश्किल में डालने में स्टार ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड की अहम भूमिका रही, जिन्होंने एक ही ओवर में कप्तान केएल राहुल और क्रिस गेल के विकेट झटक लिए। इस दो विकेट के साथ ही पोलार्ड ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।



पोलार्ड के नाम अब टी-20 क्रिकेट में 300 विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। पोलार्ड इसके साथ ही टी-20 क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने और 300 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। पोलार्ड से पहले ड्वेन ब्रावो, इमरान ताहिर, सुनील नारायण, लसिथ मलिंगा, राशिद खान, शाकिब अल हसन, सोहेल तनवीर, वहाब रियाज, शाहिद अफरीदी और आंद्रे रसेल टी-20 क्रिकेट में 300 विकेट ले चुके हैं।

इसके अलावा बल्लेबाजी में पोलार्ड के अलावा क्रिस गेल, शोएब मलिक, विराट कोहली और डेविड वॉर्नर 10 हजार या उससे ज्यादा रन बना चुके हैं। बता दें कि पोलार्ड दुनियाभर की कई टी-20 लीग में हिस्सा लेते हैं। इसमें मुंबई इंडियंस के अलावा एडिलेड स्ट्राइकर्स, बारबाडोस ट्राइडेंट्स, केप कोबरा, ढाका डायनामाइट्स, ढाका ग्लैडिएटर्स, कराची किंग्स, मेलबर्न रेनेगेड्स, मुल्तान सुल्तान्स, पेशावर जाल्मी, समरसेट, साउथ ऑस्ट्रेलिया, सेंट लूसिया स्टार्स, स्टैनफोर्ड सुपरस्टार्स, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स, त्रिनिदाद और टोबैगो की टीमें शामिल हैं। इसके अलावा पोलार्ड द्वारा वेस्टइंडीज नेशनल क्रिकेट टीम की तरफ से खेले गए मैच भी शामिल हैं।



## केएल राहुल को आउट करने के बाद क्रुणाल पांड्या ने किया कुछ ऐसा, हर कोई कर रहा सलाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2021 का 42वां मैच जारी है। इस मैच में मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले केएल राहुल की टीम से बैटिंग करवाई। पंजाब की पारी के दौरान मुंबई के गेंदबाज क्रुणाल पांड्या ने शानदार स?पोर्ट्समैन स्पिरिट दिखाई। यह वाकया छठे ओवर का है। क्रुणाल ने इस ओवर की पहली बॉल पर मंदीप सिंह को आउट किया और फिर ओवर की आखिरी गेंद पर केएल राहुल को रन आउट कर दिया, जो नॉन स्ट्राइक एंड पर खड़े थे। अंपायर ने यहां फैसला थर्ड अंपायर पर छोड़ दिया।इससे पहले थर्ड अंपायर कोई फैसला लेते, उससे पहले ही क्रुणाल ने अपनी अपील वापस ले ली और राहुल को नॉटआउट रहने दिया। क्रुणाल के इस प्रयास को बाद में सोशल मीडिया पर जमकर सराहा गया। पंजाब और मुंबई दोनों टीमों ने भी क्रुणाल की इस खेल भावना की जमकर तारीफ की। इस मैच में पंजाब ने एडन मार्करम की 42 रनों की जोरदार पारी की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 135 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। मार्करम ने 29 गेंदों पर 42 रन की पारी में छह चौके लगाए। उनके अलावा दीपक हुड्डा ने 26 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन का योगदान दिया। कप्तान लोकेश राहुल ने 22 गेंदों में दो चौकों के सहारे 21 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के इस मैच से बाहर रहने के बाद ओपनिंग में उतरे मनदीप सिंह ने 14 गेंदों में दो चौकों की मदद से 15 रन बनाए। मुंबई की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 24 रन पर दो विकेट और कीरोन पोलार्ड ने एक ओवर में आठ रन पर दो विकेट लिए, जबकि क्रुणाल पांड्या और राहुल चाहर को एक-एक विकेट मिला।

## इतिहास में पहली बार होगा ऐसा, एक ही समय पर खेले जाएंगे दो आईपीएल मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग की गवर्निंग काउंसिल ने मंगलवार को अपनी बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिसमें प्रमुख है दो आईपीएल मैचों का एक ही समय पर खेला जाना। आईपीएल इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब दो लीग मैच एक ही समय पर शुरू होंगे। यह दोनों मैच 8 अक्टूबर को खेले जाने हैं। इसमें पहला मैच सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच है, जबकि दूसरा मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और




दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाना है। पहले तय कार्यक्रम के हिसाब से सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस का मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से खेला जाना था और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर बनाम दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होना था, लेकिन अब समय को बदल कर दोनों मैचों की टाइमिंग शाम साढ़े सात बजे से कर दी गई है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने घोषणा करते हुए कहा, '2023-2027 चक्र के लिए आईपीएल मीडिया राइट्स टेंडर दो नई आईपीएल टीमों की नियुक्ति के तुरंत बाद जारी किए जाएंगे, जिसकी घोषणा 25 अक्टूबर 2021 को की जाएगी।

बता दें कि आईपीएल के अब तक 41 मैच खेले जा चुके हैं, लेकिन कोई भी टीम लीग से बाहर नहीं हुई है और न ही किसी टीम ने प्लेऑफ में जगह पक्की की है। मंगलवार को ऋषभ पंत की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स के पास कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बनने का मौका था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। यहां इयोन मोर्गन की कप्तानी वाली केकेआर ने दिल्ली को तीन विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत कर ली। प्वॉइंट टेबल में इस समय चेन्नई सुपर किंग्स 16 प्वॉइंट्स के साथ सबसे ऊपर चल रही है।

## बॉल के बाद बैट से चमके सुनील नारायण, दिल्ली के खिलाफ 3 विकेट से जीता कोलकाता


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के 41वें मुकाबले में आज कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को तीन विकेट से मात दे दी है। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दिल्ली ने कोलकाता के सामने जीत के लिए 128 रनों का लक्ष्य रखा, जिसे केकेआर ने सात विकेट



खोकर हासिल कर लिया। टीम के लिए नितीश राणा ने नाबाद 36 रनों की पारी खेली, जबकि शुभमन गिल ने 30 और सुनील नारायण ने 21 रनों की उपयोगी पारी खेली। इससे पहले दिल्ली ने कप्तान ऋषभ पंत और स्टीव स्मिथ की 39-39 रनों की पारी के दम पर 127 रन बनाए थे।

# दिल्ली कैपिटल्स को पटखनी देकर कोलकाता नाइट राइडर्स ने मजबूत की प्लेऑफ की दावेदारी

**शारजाह (एजेंसी)।** गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद नितीश राणा की जुझारू पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को तीन विकेट से हराकर नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखा। इस हार के बाद दिल्ली का लगातार चार जीत का सिलसिला भी टूट गया है। दिल्ली के 128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने नितीश राणा (27 गेंद में नाबाद 36, दो चौक, दो छक्के), शुभमन गिल (30) और सुनील नारायण (10 गेंद में 21 रन, दो छक्के, एक चौका) की उपयोगी पारियों से 18.2 ओवर में सात विकेट पर 130 रन बनाकर जीत दर्ज की। दिल्ली की ओर से तेज गेंदबाज आवेश खान ने 13 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस जीत से नाइट राइडर्स के 11 मैचों में पांच जीत से 10 प्वॉइंट्स हो गए हैं और टीम चौथे स्थान पर चल रही है। दिल्ली के 11 मैचों में आठ जीत से 16 प्वॉइंट्स हैं और वह दूसरे स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स के भी 16 प्वॉइंटस हैं, लेकिन वह बेहतर रन रेट के कारण टॉप पर है, जबकि उसने दिल्ली से एक



मैच कम खेला है। लॉकी फर्ग्युसन (10 रन पर दो विकेट), सुनील नारायण (18 रन पर दो विकेट) और वेंकटेश अय्यर (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दिल्ली की टीम नौ विकेट पर 127 रन ही बना सकी। दिल्ली की ओर से कप्तान ऋषभ पंत (39), स्टीव स्मिथ (39) और शिखर धवन (24) की टिककर बल्लेबाजी कर पाए।

नाइट राइडर्स की सटीक गेंदबाजी के सामने दिल्ली की टीम अंतिम नौ ओवर में 54 रन ही जुटा सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स ने तेज शुरुआत की। वेंटकेश (14) ने एनरिच नोर्ट्जे के पहले ओवर में लगातार दो चौकों के साथ खाता खोला जबकि गिल ने अक्षर पटेल का स्वागत छक्के के साथ किया। वेंटकेश हालांकि विकेट पर पर्याप्त समय बिताने के बाद पांचवें ओवर में ललित यादव की गेंद पर बोल्ड हो गए। राहुल त्रिपाठी ने (09) ललित की पहली गेंद पर ही छक्के के साथ खाता खोला लेकिन आवेश ने उन्हें स्मिथ के हाथों कैच करा दिया। नाइट राइडर्स ने पावरप्ले में दो विकेट पर 44 रन बनाए। गिल ने रविचंद्रन अश्विन पर अपना दूसरा छक्का जड़ा और सातवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। गिल और राणा ने स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और गैरजरूरी जोखिम नहीं उठाया। कगिसो रबाडा ने हालांकि 11वां ओवर मेडन फेंका और गिल को श्रेयस के हाथों कैच भी कराके दिल्ली की वापसी की उम्मीद जगाई। कप्तान इयोन मोर्गन की खराब फॉर्म जारी रही और वह खाता खोले बिना अश्विन की गेंद पर ललित को कैच दे बैठे। राणा ने ऑफ स्पिनर ललित पर लगातार दो छक्कों के साथ दबाव कम किया। दिनेश कार्तिक ने भी रबाडा और ललित पर चौके मारे।

आवेश ने कार्तिक को स्लो गेंद पर बोल्ड कर दिया। कार्तिक ने 12 रन बनाए। नाइट राइडर्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 30 रन की दरकार थी। नारायण ने रबाडा की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौके के साथ 16वें ओवर में 21 रन जोड़कर नाइट राइडर्स को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। नाइट राइडर्स को आखिरी चार ओवर में नौ रन की जरूरत थी। नोर्ट्जे ने 17वें ओवर में सिर्फ तीन रन दिए जबकि नारायण को अक्षर के हाथों कैच कराया। आवेश के अगले ओवर में चार रन बने, जबकि टिम साउथी (03) लौटे। आखिरी दो ओवर में नाइट राइडर्स को दो रन की जरूरत थी और राणा ने नोर्ट्जे पर चौका जड़कर नाइट राइडर्स को जीत दिला दी। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की टीम को स्मिथ और धवन ने सतर्क शुरुआत दिलाई। मौजूदा सीजन का पहला मैच खेल रहे संदीप वॉरियर पर चौके के साथ धवन ने खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी लगातार दो चौके मारे।

## श्रेयस अय्यर को टी20 विश्व कप टीम में शामिल किए नहीं जाने पर विराट कोहली के कोच ने दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को आगामी टी20 वर्ल्ड कप टीम में नहीं चुने जाने से निराश हैं। अय्यर टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत के स्टैंडबाई खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल है और उन्हें मुख्य टीम में शामिल किए जाने की मांग की जा रही है। अय्यर ने आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में अबतक बल्ले से कमाल का प्रदर्शन किया है और विराट कोहली के कोच का मानना है कि अगर टी20 विश्व कप की टीम में अय्यर की वापसी होती है तो यह काफी अच्छा रहेगा और वह पूरी तरह हकदार भी हैं। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के लिए दूसरे फेज के पहले दो मेचों में नाबाद 47 और 43 का स्कोर बनाया है। इससे पहले, ऐसी खबरें आई कि दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज अय्यर को ईशान किशन के विकल्प के तौर पर मुख्य टीम में शामिल किया जा सकता है क्योंकि किशन आईपीएल 2021 के दूसरे फेज में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। राजकुमार शर्मा ने यूट्यूब चैनल 'खेलनीति' के पॉडकास्ट पर अय्यर को लेकर




कहा, ' यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्रेयस अय्यर प्रमुख टीम (टी20 विश्व कप टीम) में नहीं हैं। वह भारतीय टीम का अहम हिस्सा हिस्सा थे और फिर एक चोट के कारण अनफिट हो गए। उनको बाहर किया जाना निश्चित रूप से थोड़ा अनुचित है। मुझे लगता है कि उन्हें टीम में होना चाहिए था। इसलिए अब, अगर वह भारतीय टीम में वापसी करते हैं, तो वह पूरी तरह से इसके हकदार हैं। आपको बता दें कि 10 अक्टूबर तक सभी देशों के पास टी20 विश्व के लिए चुने गए टीम में बदलाव करने का मौका है। ऐसे में हमें भारतीय टीम के पास भी अपनी टीम में कुछ बदलाव करने का मौका है। कई पूर्व क्रिकेटर अय्यर के अलावा शिखर शिखर और युजचेंद्र चहल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखने पर लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं।

### कोलकाता नाइट राइडर्स ने दी मजबूत दिल्ली कैपिटल्स को मात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविवार को एक लो स्कोरिंग और रोमांचक मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मजबूत दिल्ली कैपिटल्स को तीन विकेट से मात दे दी। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट खो कर 127 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की टीम ने 18.2 ओवर में सात विकेट पर 130 रन बना कर मैच जीत लिया। इस जीत में महत्वपूर्ण योगदान नीतीश राणा, शुभमन गिल और सुनील नारायण का रहा, जिन्होंने क्रमशः 36, 30 और 21 रनों की पारी खेली बनाए। कोलकाता को इस जीत से दो जरूरी प्वॉइंट्स हासिल हुए हैं और वह अब लेटेस्ट प्वॉइंट टेबल में चौथे स्थान पर बरकरार है, जबकि दिल्ली को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा।चेन्नई सुपर किंग्स 10 मैचों में आठ जीत के साथ 16 प्वॉइंट्स लेकर टॉप पर कायम है। दिल्ली कैपिटल्स के भी 11 मैचों से इतने प्वॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के चलते चेन्नई की टीम दिल्ली से आगे टॉप पर है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम 10 मैचों में छ?ह जीत के साथ 12 प्वॉइंट्स लेकर तीसरे नंबर पर है, जबकि पंजाब किंग्स पांचवें नंबर पर है। मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस की हालत काफी खस्ता है और टीम आठ प्वॉइंट्स के साथ सातवें नंबर पर है।

## बीसीसीआई ने खराब मौसम की वजह से सात राज्यों के क्रिकेट बोर्ड को दी घरलू सीजन टालने की सलाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में घरेलू क्रिकेट की शुरुआत में रुकावट आ गई है। दरअसल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 पुरुष और महिला सीमित ओवरों के टूनार्मेंट के पहले दौर की मेजबानी करने वाले 12 राज्य क्रिकेट संघों में से सात को टूनार्मेंट की शुरुआत को 30 सितंबर तक टालने सलाह दी है। घरेलू मैच 28 सितंबर से शुरू होने हैं, लेकिन देश भर में मौजूदा खराब मौसम के कारण इसे स्थगित कर दिया गया है।

हैदराबाद, विशाखापटनम, इंदौर, भुवनेश्वर, सूरत, राजकोट और नागपुर में अंडर-19 बॉयज वीनू मांकड़ ट्रॉफी और अंडर-19 गर्ल्स वनडे टूनार्मेंट के मैच कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिए गए हैं, क्योंकि इन जगहों पर पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। अहमदाबाद, दिल्ली, मोहाली, जयपुर और रांची में हालांकि मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरू होंगे। बीसीसीआई और राज्य संघ के अधिकारियों ने इस संबंध में सूचित किया है।

गौरतलब है कि देश के कुछ हिस्से, विशेष तौर पर पूर्वी और दक्षिण भारत पिछले कुछ दिनों से चक्रवात गुलाब की चपेट में है। बीसीसीआई के खेल विकास के महाप्रबंधक धीरज मल्होत्रा ने सोमवार को मेजबान क्रिकेट संघों को लिखे एक पत्र में कहा, 'लगातार बारिश और मौसम विभाग द्वारा जारी चक्रवात अलर्ट के कारण बीसीसीआई ग्रुप चरण की शुरुआत 28 सितंबर से 30 सितंबर तक स्थगित करने के लिए मजबूर है।'

# कलकत्ता हाई कोर्ट ने बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली पर लगाया इतने हजार रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगुली को कलकत्ता हाई कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने जमीन विवाद से जुड़े एक मामले पर गांगुली पर जुर्माना लगाया है। गांगुली को अब जुर्माने के रूप में 10 हजार रूपये भरने होंगे। यह मामला सौरव गांगुली की एजुकेशन संस्था से जुड़ा हुआ है। अदालत ने जुर्माना सिर्फ सौरव गांगुली नहीं बल्कि उनके साथ बंगाल सरकार और इन्हीं के आवास निगम पर भी लगाया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने गांगुली पर 10,000 रुपये और



सरकार और उनके आवास निगम पर 50-50 हजार लगाया है। ये पूरा मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व कप्तान को न्यू टाउन क्षेत्र में स्कूल के लिए गलत तरीक से जमीन आवंटित? किया गया था। हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायाधीश अरिजित बनर्जी की खंडपीठ ने इस बाबत दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जमीन आवंटन के मामलों में निश्चित नीति होनी चाहिए ताकि सरकार ऐसे मामलों में हस्तक्षेप न कर सके।

आपको बता दें कि 2016 में जमीन आवंटन को चुनौती देते हुए अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें कहा गया था कि इस मामले में सौरव को बिना टेंडर और कम कीमत पर जमीन दी गई थी। विवाद को बढ़ता देख गांगुली ने उस समय जमीन वापस कर दी थी। इसके बाद दूसरी जमीन को लेकर भी मामला दर्ज कराया गया था। पीठ ने कहा कि जुर्माने की राशि चार सप्ताह के भीतर पश्चिम बंगाल राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पास जमा करा दी जानी चाहिए।

अखण्ड भारत सन्देश

प्रयागराज

# क्रियायोग सन्देश

प्रयागराज, बुधवार

29.09.2021



## क्रियायोग ध्यान से मानव अस्तित्व से पुरुषोत्तम की तरफ यात्रा

चिन्तन करें कि अगर हमें कहीं जाना हो, लेकिन जिस जगह जाना हो उसका ठीक से पता मालुम न हो, तो हमें पहुंचने में बहुत ही कठिनाई होगी। चाहे हम साइकिल से या मोटरसाइकिल से या कार या हवाई जहाज से जा रहे हो, हम पहुंच नहीं पाएंगे। लेकिन, अगर हमारे पास रास्ते का मैप हो, और हम मैप को याद करते रहें, प्रसन्नता व धैर्य से चलते रहें, तब बिना परेशानी के हम गंतव्य तक पहुंच जाएंगे।

इसी तरह अगर हम क्रियायोग अभ्यास वर्षों से करते आ रहें हैं, लेकिन अभ्यास करने का लक्ष्य याद नहीं है, तब लक्ष्य पहुंचने में बहुत कठिनाई होगी और हम बहुत धीरे धीरे आगे बढ़ पायेंगे।



पुरूषोत्तम राम


हमारा लक्ष्य क्या है और इसको पहुंचने का मार्ग क्या है? हम सबके जीवन का लक्ष्य है कि हमारा अस्तित्व बना रहे और साथ ही साथ अस्तित्व परम ज्ञानमय और परम आनन्दमय युक्त रहे । वैज्ञानिको ने यह सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग अभ्यास से हम अपने लक्ष्य को शीघ्रता से प्राप्त कर सकते हैं। यह सब निरन्तर याद रहने पर ही हम क्रियायोग का सम्यक अभ्यास कर सकेंगे।

क्रियायोग के सम्यक अभ्यास से हम बीमारियों, चिन्ताओं व सभी प्रकार की अज्ञानता से मुक्त हो जाते हैं ।

क्रियायोग अभ्यास से इस सत्य की अनुभूति होती है कि चित ही ज्ञान है, जिसको पाने से यह पता लगता है कि हम और ब्रह्माण्ड की सभी रचनायें अमर हैं । किसी भी रचना की मृत्यु नहीं होती है, उसका केवल रूप बदलता है। जब यह पता लगता है तभी हमें सच्चा आनंद आता है। आनंद की कमी सिर्फ भय से होती है।

यह लक्ष्य याद रखिए की मृत्यु होती नहीं है। केवल अमरता का ही अस्तित्व है। यह सिद्ध हो चुका है कि आकाश, वायु, अग्नि, जल, व पृथ्वी ( अणु-परमाणु ) ये पांचो तत्व मरते नहीं हैं। हमें जीवन में यह लक्ष्य बनाना चाहिए कि जब हम इस लोक से अदृश्य लोक में जाना चाहें तभी हम जायें । इस ज्ञान की प्राप्ति को प्रभु का दर्शन कहते हैं। इस प्रयास को प्रभु की भक्ति कहते हैं।

निराकार परब्रह्म से जब पूरा ब्रह्मांड प्रकट हुआ, तब सबसे पहला अस्तित्व जो प्रकट हुआ वह पुरुषोत्तम हैं । पुरुषोत्तम को ही कुटसथ कहते हैं। कुटस्थ वह प्रेम है जिसमें सब समा जाते हैं । सभी को अनन्त प्रेम करने वाले अस्तित्व को ही कूटस्थ कहते हैं । कूटस्थ अस्तित्व में सभी के लिये अनन्त प्रेम है चाहे राक्षस हो या देवता। पुरुषोत्तम से ही अगला क्रिएशन प्रकट होता है । अगले क्रियेशन को पुरुष कहां गया




है। जब हम पुरुष के रूप में होते हैं तो हम जानते हैं कि हम ईश्वर के संतान हैं। इस समय हमें अडिग कॉन्फिडेंस रहता है। इसके बाद हम मनुष्य के रूप में होते हैं, फिर हम राग - द्वेष, बीमारी, चिंता आदि से घिर जाते है।

अगर हम मनुष्य के रूप में हैं,जहां हम चिंता बीमारी सब महसूस करते हैं, तब हमें मानव अस्तित्व से पुरुषोत्तम की तरफ की यात्रा करनी होती है। यही हमारी यात्रा है। अगर हम इसको भूल जाएंगे तो क्रियायोग छूट जाएगा।

क्रियायोग वह विमान है जिस पर जब हम बैठेंगे, तब लक्ष्य तक अवश्य पहुंच जाएंगे । हमें मनुष्य से पुरुष बनना है और फिर पुरुषोत्तम। हर काम करते हुए इसको याद रखें तभी हम राष्ट्र की और सभी की

## ALWAYS REMAIN CONNECTED WITH MAP OF SPIRITUAL JOURNEY SHOWING OUR ULTIMATE AIM.

If we plan to go home but we do not have an address of our destination, we will not be able to reach home. Likewise, if we are practising Kriyayoga without having the aim in our mind, we will not be inspired to practice deeply. Then, we will not experience much difference in our existence even after many years of practise. It is very important for us to have the map of our journey to make steadfast progress. Otherwise, we will have a tortuous path.

What is our aim and path of journey? Our ultimate aim is to realize our Immortal Nature, at which point, we would be in the state of Sat-Chit-Anand, where we are one with Truth, Universal Consciousness and Bliss. This stage is known as Purushottam where we are one with Kutastha Consciousness and feel love for all creation. Lord Ram is referred to as Purushottam Ram.

Our present stage is that of a Manushya ( Human ) where we experience many limited tendencies like anger, lust, attachment and aversion, delusion, pride, ignorance and habit.

From Manushya, we have to uplift to the stage of Purusha - one who experiences self as Child of God. A Child of God experiences its Immortal Nature, lives life based on the principle of Truth and Non-violence and hence is full of confidence, peace and Bliss.

In this way, we have to visualise the map of our spiritual journey from that of a Manushya to Purusha and onward to Purushottam.

For this journey, we can take the non-stop, secure and safest jet-plane of Kriyayoga. Then, we will have greatest love for all and will be able to serve all humanity in the best way possible.

